# संताल एक्सप्रेस

## के स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




वर्ष- 09 अंक -01 दुमका epaper.santalexpress.com santalexpress20@gmail.com 19 सितंबर 2026, शनिवार पृष्ठ 08 मूल्य : 2 रुपये


विशेष संपादकीय

## संताल एक्सप्रेस का नौवें वर्ष में आगाज

# झारखंड की प्रगति हमारा लक्ष्य

**अशोक कुमार**



आप पाठकों को यह जानकर प्रसन्नता होगी कि आज से संताल एक्सप्रेस नवें वर्ष में पदार्पण कर चुका है। आठ वर्ष की यात्रा में संताल एक्सप्रेस पूरे संताल परगना के लोगों की आवाज बनकर उभरा है। खासकर आदिवासियों, दलितों एवं अल्पसंख्यकों की दबी जुबान को अखबार ने स्वर देने का सार्थक प्रयास किया है। हर वर्ग के लोगों की समस्याओं को हमने उजागर किया है। यही कारण है कि हर वर्ग में संताल एक्सप्रेस लोकप्रिय होता जा रहा है। झारखंड ही नहीं बल्कि बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और पं बंगाल के आदिवासी बाहुल्य जिलों में संताल एक्सप्रेस की मांग बढ़ती जा रही है। इन राज्यों में कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों में पढ़ने और पढ़ानेवाले संताली भाषा के छात्र,छात्राओं एवं शिक्षकों के बीच यह अखबार सर्वाधिक पढ़ा जा रहा है। हमने पढ़ाई से लेकर खेल, कला, संगीत और फिल्मों आदि क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन कर राज्य और देश का गौरव बढ़ानेवाल राज्य के युवक- युवतियों को विशेष कवरेज देकर उनका हौसला बढ़ाया है। दीपिका से लेकर महेंद्र सिंह धौनी,सौरभ तिवारी जैसे झारखंडी प्रतिभाओं ने देश-विदेश में नाम रौशन कर झारखंड के नाम को गौरवान्वित किया है। पत्रकारिता के क्षेत्र में आदिवासी समाज आज भी काफी पिछड़ा है। हमने संताली पेज देकर इस समाज के युवाओं को पत्रकारिता से जोड़ा है। संतालपरगना के विकास के पैमाना को देखें तो यह आभास होता है कि संतालपरगना के विकास में यहां के राजनेताओं में, चाहे वे पक्ष के हों या विपक्ष के , कोई खास रुचि नहीं दिखाई है। अपवाद में सांसद निशिकांत दुबे को माना जा सकता है। निशिकांत दुबे ने संताल परगना में खासकर गोड्डा और देवघर के अपने संसदीय क्षेत्र में रेलवे के विस्तार को ऐतिहासिक बढ़त देकर सराहनीय काम किया है। लेकिन आज भी साहिबगंज ,पाकुड़ एवं दुमका से रेलवे संपर्क नहीं बढ़ा है। दुमका का एयरपोर्ट कई साल से बनकर तैयार है लेकिन वहां से किसी स्थान के लिए यात्रियों के लिए कोई हवाई सेवा शुरू नहीं की जा सकी है। संसद में दुमका, साहिबगंज एवं पाकुड़ के विकास के लिए दमदार और जोरदार आवाज उठानेवालों की कमी है। जो सांसद इस क्षेत्र से हैं भी, तो उनकी आवाज संसद में सरकार सुन नहीं रही है। इस क्षेत्र से निशिकांत दुबे जैसा प्रभावशाली सांसद की कमी दिखाई देती है। कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव और देवघर के विधायक सुरेश पासवान विधानसभा में क्षेत्र के विकास के लिए बराबर गुहार लगाते देखे जाते हैं।

इस वर्ष संताल एक्सप्रेस ने संताल परगना के बाद कोल्हान में अपने कदम रखे हैं। सावन पूर्णिमा के दिन से संताल एक्सप्रेस के जमशेदपुर संस्करण की शुरुआत हो गई है। कोल्हान क्षेत्र की एक बड़ी आबादी जनजातीय समुदाय से आती है। जमशेदपुर संस्करण में संताली पेज पर ओलचिकी लिपि में खबरें देकर वहां के संताली पाठकों की लंबी मांग को हम पूरा कर रहे हैं। आगे कुछ ही दिनों में हम हो भाषा में भी सामग्रियां देने जा रहे हैं। आपसबों के सहयोग, समर्थन और संताल एक्सप्रेस के प्रति स्नेह बनाये रखने के लिए हम हृदय तल से आभार व्यक्त करते हैं।

# जेएसएससी-सीजीएल समेत नियुक्तियां रद्द करने के आदेश पर रोक बरकरार

## • 7 अक्टूबर को अगली सुनवाई




**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड उच्च न्यायालय ने जेएसएससी-सीजीएल (विज्ञापन संख्या 10/2023) समेत विभिन्न भर्ती परीक्षाओं और नियुक्तियों को रद्द करने के राज्य सरकार के आदेश पर लगी रोक शुक्रवार को बरकरार रखी। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत में आकाश गौरव एवं अन्य, निरोज खेस एवं अन्य समेत कई याचिकाओं पर सुनवाई हुई। राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया, जिस पर जवाब दाखिल करने के लिए प्रार्थियों ने समय मांगा। मामले की अगली सुनवाई सात अक्टूबर को होगी।

सुनवाई के दौरान अदालत ने मौखिक टिप्पणी में कहा कि केवल एक अधिसूचना जारी कर स्थायी नियुक्ति पा चुके कर्मचारियों को नौकरी से नहीं हटाया जा सकता। अदालत ने यह भी कहा कि अब तक सामने आए तथ्यों से प्रथमदृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि सभी नियुक्तियां पूरी तरह सही तरीके से नहीं हुई हैं, लेकिन इससे यह निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि सभी नियुक्तियों में गड़बड़ी हुई है।

राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया कि जेपीएससी को एक परीक्षा आयोजित करने और नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने में दो से तीन वर्ष तक का समय लग जाता है। ऐसे में एक साथ करीब 2,700 नियुक्तियां रद्द होने से बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों की नौकरी प्रभावित होगी। मामले की जांच की निगरानी के लिए अदालत ने झारखंड उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश गौतम कुमार चौधरी को नियुक्त किया है। वहीं, सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी आर.के. मल्लिक को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

## सहायक आचार्य नियुक्ति मामले में हाईकोर्ट ने 43 सीटें सुरक्षित रखने का दिया निर्देश

**रांची ।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से सहायक आचार्य (विज्ञापन संख्या 13/2023 ) के पद पर नियुक्ति से संबंधित आदित्य कुमार एवं अन्य की याचिका पर झारखंड उच्च न्यायालय में गुरुवार को सुनवाई हुई। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने प्रार्थियों को अंतरिम राहत देते हुए 43 सीटों को उनके हित में सुरक्षित रखने का निर्देश दिया। साथ ही सुनवाई की तारीख 30 अक्टूबर तय की। अगली तारीख को मामले में अंतिम सुनवाई होगी। सुनवाई के दौरान प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता शुभम मिश्रा ने न्यायालय का ध्यान इस बिंदु की ओर दिलाया कि सभी प्रार्थियों ने अपनी-अपनी संबंधित श्रेणी में अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थी से अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इसके बावजूद याचिकाकर्ताओं को नियुक्ति प्रक्रिया में उचित अवसर नहीं मिल पाया है। अधिवक्ता ने न्यायालय के समक्ष यह भी प्रस्तुत किया कि पारा और नन-पारा, दोनों श्रेणियों में सीटें रिक्त होने के बावजूद अधिक अंक प्राप्त करने वाले याचिकाकर्ताओं के मामले पर समुचित विचार नहीं किया गया है।

# हाईकोर्ट से बड़गाईं जमीन मामले में सीएम की हस्तक्षेप याचिका खारिज

## आज अदालत में हाजिर होंगे हेमंत सोरेन

**संवाददाता**

**रांची ।** बड़गाईं की 8.86 एकड़ की कथित जमीन फर्जीवाड़ा से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री की हस्तक्षेप याचिका (आइए) पर झारखंड हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है।कोर्ट ने मुख्यमंत्री की हस्तक्षेप याचिका (आइए) खारिज कर दी।अब आरोप गठन पर सुनवाई के दौरान मुख्यमंत्री को शनिवार 19 सितंबर को पीएमएलए की विशेष अदालत में हाजिर होना होगा। आइए के माध्यम से मुख्यमंत्री ने उनके डिस्चार्ज पिटीशन खारिज किए जाने के आदेश पर 19 सितंबर तक रोक लगाने का आग्रह किया था।साथ ही ट्रायल कोर्ट में आगे की कार्यवाही पर भी रोक लगाने की भी मांग की गई थी। हाईकोर्ट में ईडी की ओर से वरीय अधिवक्ता अमित कुमार दास एवं अधिवक्ता सौरव कुमार ने पक्ष रखा।दरअसल, सीएम की ओर से ईडी कोर्ट द्वारा उनके डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज किए जाने को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। जिस पर अभी सुनवाई जारी है।ईडी की विशेष अदालत ने उनकी डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया था। मामले में ईडी की विशेष अदालत ने पूर्व में अंतू तिर्की, आर्किटेक्ट विनोद कुमार सिंह समेत 15 आरोपियों के खिलाफ आरोप गठन कर चुकी है।अभी मामले में राजकुमार पाहन समेत दो के खिलाफ आरोप गठन नहीं हुआ है।

मुख्यमंत्री ने आईए के माध्यम से पीएमएलए की विशेष अदालत के उस आदेश पर 19 सितंबर तक रोक लगाने का आग्रह किया था, जिसमें उनकी डिस्चार्ज याचिका खारिज कर दी गई थी। साथ ही निचली अदालत में चल रही आगे की आपराधिक कार्यवाही पर भी रोक लगाने की मांग की गई थी। उच्च न्यायालय ने इस राहत को स्वीकार नहीं किया।

मामले में मुख्यमंत्री की ओर से विशेष पीएमएलए अदालत के डिस्चार्ज याचिका खारिज करने के आदेश को मुख्य याचिका के माध्यम से उच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन अस्पताल में भर्ती

**संवाददाता**

**रांची ।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन की तबीयत बिगड़ने पर शुक्रवार को उन्हें रांची के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया। सुबह सांस लेने में परेशानी की शिकायत के बाद उन्हें अस्पताल लाया गया। अस्पताल के निदेशक डॉ. नितेश प्रिया के नेतृत्व में चिकित्सकों की टीम उनका इलाज कर रही है।

रांची स्थित हिल व्यू अस्पताल के डॉ. नितेश प्रिया ने शुक्रवार को बताया कि रूपी सोरेन की हालत फिलहाल स्थिर है और उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि सांस लेने में तकलीफ के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मेडिसिन विशेषज्ञ और आईसीयू की टीम उनकी निगरानी और उपचार में जुटी है।

डॉ. प्रिया के अनुसार, रूपी सोरेन पेट संबंधी समस्या से भी जूझ रही हैं और इसका इलाज हैदराबाद में चल रहा था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन हाल ही में अपनी मां को इलाज के लिए हैदराबाद लेकर गए थे और दो दिन पहले ही वहां से रांची लौटे हैं।

उन्होंने बताया कि सांस लेने में परेशानी के कारणों का पता लगाने के लिए कई चिकित्सकीय जांच कराई जा रही हैं। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही सांस संबंधी समस्या के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा।

## जेएसएससी-सीजीएल भर्ती फर्जीवाड़ा

# अभय तिवारी की पत्नी और भाई की जमानत याचिका खारिज

**संवाददाता**

**रांची ।** अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की कोर्ट ने जेएसएससी-सीजीएल भर्ती फर्जीवाड़ा मामले के आरोपित अभय तिवारी की पत्नी और भाई की जमानत याचिका पर फैसला सुनाया है। कोर्ट ने सुषमा कुमारी और अक्षय तिवारी दोनों की जमानत याचिका खारिज कर दी है।

पूर्व की सुनवाई में अदालत ने दोनों पक्षों की दलील पूरी होने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया था। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता इंद्रजीत सिन्हा, अधिवक्ता अमितेश कुमार और अधिवक्ता सचिन कुमार ने पक्ष रखा था। सीआईडी ने 18 अगस्त को सुषमा कुमारी और अक्षय तिवारी को गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी दोनों को रिमांड पर लेकर पूछताछ भी कर चुकी है। सुषमा और अक्षय ने 28 अगस्त को याचिका दाखिल कर कोर्ट से जमानत की गुहार लगाई है। जेएसएससी-सीजीएल भर्ती फर्जीवाड़ा मामले का आरोपित अभय तिवारी गोड्डा जिला में खाद आपूर्ति विभाग में पदस्थापित था। वह झारखंड में जेपीएससी की ओर से परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी टीडीपीएल का मार्केटिंग मैनेजर भी था। टीडीपीएल में रहते हुए उसने जेपीएससी और जेएसएससी की कई परीक्षाएं पास कर चुका था।

# बोकारो में डीवीसी के सेवानिवृत्त कर्मी के घर फायरिंग, दंपती की मौत

**संवाददाता**

**बोकारो ।** बोकारो जिले के चंद्रपुरा थाना क्षेत्र में गुरुवार रात अज्ञात अपराधियों ने डीवीसी के सेवानिवृत्त कर्मी के घर में घुसकर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोलीबारी में नरेश सिन्हा और उनकी पत्नी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका पुत्र रोहित सिन्हा गंभीर रूप से घायल हो गया। रोहित को इलाज के लिए बोकारो जनरल अस्पताल (बीजीएच) में भर्ती कराया गया है। वारदात पश्चिम पल्ली स्थित डीवीसी के आवासीय क्वार्टर नंबर एचएम/14 में हुई। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि वारदात के समय तेज बारिश हो रही थी। इसी दौरान किसी ने नरेश सिन्हा के घर के दरवाजे पर दस्तक दी। जैसे ही दरवाजा खोला गया, अज्ञात हमलावरों ने फायरिंग शुरू कर दी। रोहित के एक मित्र के भाई नवीन महतो के अनुसार, घटना के समय मौसम खराब था और लगातार बारिश हो रही थी। उन्होंने बताया कि रोहित को चार गोलियां लगी हैं। हालांकि, पुलिस ने अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। आशंका जताई जा रही है कि अपराधियों ने बारिश और खराब मौसम का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया और घटनास्थल से फरार हो गए। हमलावरों की संख्या कितनी थी और नरेश सिन्हा व उनकी पत्नी को कितनी गोलियां लगीं, इसकी जानकारी भी फिलहाल स्पष्ट नहीं है।

# जेएससीबी घोटाला : झारखंड और ओडिशा के 7 ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**संवाददाता**

**रांची ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के रांची क्षेत्रीय कार्यालय ने झारखंड स्टेट कोऑपरेटिव बैंक (जेएससीबी) से जुड़े करोड़ों रुपये के घोटाले में शुक्रवार को धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा 17 के तहत बड़ी कार्रवाई की है।

जांच एजेंसी की टीमें झारखंड और ओडिशा में कुल सात ठिकानों पर एक साथ तलाशी और जब्ती अभियान चला रही हैं।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई झारखंड स्टेट कोऑपरेटिव बैंक की सरायकेला शाखा में हुए बड़े वित्तीय फर्जीवाड़े की चल रही जांच के सिलसिले में की जा रही है। जांच में सामने आया है कि कारोबारी संजय कुमार डालमिया ने जेएससीबी के तत्कालीन बैंक अधिकारियों के साथ मिलीभगत कर बैंक के साथ बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी को अंजाम दिया।

## झारखंड की पूर्व मंत्री विमला प्रधान का निधन



**सिमडेगा ।** झारखंड सरकार की पूर्व पर्यटन मंत्री और सिमडेगा की पूर्व विधायक विमला प्रधान का शुक्रवार की रात करीब 8:40 बजे राजधानी रांची स्थित शैंफर्ड अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया. वह लंबे समय से लिवर कैंसर से जूझ रही थीं. उनके निधन की खबर फैलते ही पूरे सिमडेगा जिले और प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में शोक की लहर दौड़ गई. पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और उनके समर्थकों में इस दुखद समाचार से गहरा शोक है. विमला प्रधान 2009 से 2019 तक सिमडेगा विधानसभा क्षेत्र की विधायक रही थीं और झारखंड सरकार में सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास तथा पर्यटन विभाग की मंत्री के रूप में भी कार्य किया था।

# नंदीग्राम उपचुनाव : कांग्रेस प्रत्याशी गिरफ्तार, ममता ने दिया था समर्थन

## ममता बनर्जी की प्रत्याशी ने नामांकन लिया वापस



**एजेंसी**

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में उपचुनाव से 18 दिन पहले ममता गुट की एक कैंडिडेट संचिता प्रधान डे ने शुक्रवार को नंदीग्राम सीट से नामांकन वापस ले लिया है। संचिता ने इससे पहले बंगाल सीएम शुभेंदु से मुलाकात की थी। इसके बाद ममता ने नंदीग्राम में कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को समर्थन देने की बात कही। इसके 2 घंटे बाद बंगाल पुलिस ने मिलन को एक पुराने केस में अरेस्ट कर लिया। हालांकि रेजीनगर से रबीउल आलम चौधरी मैदान में बने रहेंगे। ममता ने 13 सितंबर को दोनों कैंडीडेट के नामों की घोषणा की थी। नंदीग्राम सीट मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने खाली की थी। रेजीनगर सीट हुमायूं कबीर के इस्तीफे के बाद खाली हुई। दोनों सीटों पर 6 अक्टूबर को चुनाव होगा, रिजल्ट 9 अक्टूबर को आएगा।

कांग्रेस प्रत्याशी मिलन प्रधान को पश्चिम बंगाल में एक पुराने कथित हत्या मामले के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी की खबर ममता बनर्जी की प्रेस कॉन्फ्रेंस के कुछ घंटे बाद सामने आई। ममता ने शुक्रवार को अपने कालीघाट स्थित आवास पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर नंदीग्राम में कांग्रेस प्रत्याशी को समर्थन देने की घोषणा की थी। इस तरह एक ही दिन में नंदीग्राम चुनाव को लेकर दो बड़े घटनाक्रम सामने आए।









# लोन, सिलाई मशीन और फ्रिज का झांसा देकर करोड़ों की ठगी

## उत्तम माइक्रो फाइनेंस के कार्यालय पर उमड़ी महिलाओं की भीड़, कर्मी फरार, एक कर्मी को ग्रामीणों ने पकड़ा






**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**सरैयाहाट ।** लोन के साथ सिलाई मशीन और फ्रिज देने का झांसा देकर हंसडीहा और सरैयाहाट प्रखंड क्षेत्र की हजारों महिलाओं से करोड़ों रुपये की कथित ठगी का मामला सामने आया है। शुक्रवार को जब महिलाओं को अपने साथ कथित ठगी का पता चला तो बड़ी संख्या में महिलाएं उत्तम माइक्रो फाइनेंस एसोसिएशन के कार्यालय पहुंच गईं। हंसडीहा में डेयरी कॉलेज के समीप तथा सरैयाहाट में पेट्रोल पंप के पास स्थित कार्यालय पर महिलाओं की भीड़ जुट गई। महिलाओं के पहुंचते ही दोनों कार्यालयों में मौजूद कर्मियों में अफरा-तफरी मच गई और अधिकांश कर्मी वहां से निकल गये। हंसडीहा स्थित कार्यालय में हालांकि एक कर्मी ग्रामीणों के हाथ लग गया। उसकी पहचान साहेबगंज जिले के रहने वाले आलोक साह के रूप में हुई है। कथित ठगी से आक्रोशित महिलाओं और ग्रामीणों ने उसे अपने कब्जे में लेकर जमा रुपये वापस करने की मांग शुरू कर दी। सूचना मिलने पर हंसडीहा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपने साथ ले जाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण पैसे वापस मिलने की मांग पर अड़े रहे। स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस बल को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद युवक को ग्रामीणों के कब्जे से मुक्त कराया और पुलिस अभिरक्षा में थाना ले गयी।महिलाओं का आरोप है कि माइक्रो फाइनेंस से लोन दिलाने के नाम पर उनसे रुपये जमा कराए गए थे। इसके साथ ही सिलाई मशीन और फ्रिज उपलब्ध कराने का भी भरोसा दिया गया था। काफी समय बीतने के बाद जब महिलाओं को न तो लोन मिला और न ही सिलाई मशीन व फ्रिज, तो उन्होंने संस्था के कार्यालय से संपर्क करने का प्रयास किया। शुक्रवार को कार्यालय पहुंचने पर कर्मियों के गायब मिलने के बाद महिलाओं को कथित ठगी की आशंका हुई और बड़ी संख्या में लोग वहां जुट गये। घटना के बाद हंसडीहा में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। महिलाएं अपने जमा रुपये वापस करने की मांग को लेकर सड़क पर जुटी रहीं।

मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया। हालांकि, खबर लिखे जाने तक महिलाओं की ओर से राशि वापसी की मांग जारी थी। शेष पेज 2 पर...



# राज्य सरकार जल्द करे मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति : बाबूलाल मरांडी

संताल एक्सप्रेस

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति अब तक नहीं होने और राज्य सूचना आयोग का कामकाज शुरू नहीं होने को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को शुक्रवार को पत्र लिखा है।



बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री से मुख्य सूचना आयुक्त के चयन के लिए संबंधित समिति की बैठक तत्काल बुलाने की मांग की है। उन्होंने नियुक्ति की प्रक्रिया जल्द पूरी कराने और राज्य सूचना आयोग में अपीलों एवं शिकायतों की नियमित सुनवाई शुरू कराने का आग्रह किया है। साथ ही उन्होंने इन सभी कार्यों की स्पष्ट समयसीमा बताने को कहा है।पत्र में बाबूलाल मरांडी ने कहा कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक में उन्होंने मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के संबंध में सवाल किया था। बैठक में मंत्री हफीजुल हसन भी मौजूद थे। मरांडी के अनुसार, मुख्यमंत्री ने नियुक्ति जल्द करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने कहा कि सूचना आयुक्तों की नियुक्ति के बाद भी मुख्य सूचना आयुक्त का पद खाली है। इसके कारण आयोग में सुनवाई का काम शुरू नहीं हो पाया है। ऐसे में अपील और शिकायतों पर सुनवाई का इंतजार कर रहे नागरिकों को नियुक्तियों का लाभ कैसे मिलेगा।

मरांडी ने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के आश्वासन पर भरोसा करके नियुक्ति संबंधी अनुशंसा पर सहमति दी थी और हस्ताक्षर किए थे। उन्होंने सवाल उठाया कि यदि सरकार समय पर आयोग को पूरी तरह कार्यशील नहीं करती है, तो जनता को अपने अधिकारों के लिए दोबारा अदालत का दरवाजा क्यों खटखटाना पड़े। सूचना का अधिकार नागरिकों को सरकारी कामकाज के बारे में सवाल पूछने और जवाब प्राप्त करने का अधिकार देता है। आयोग में सुनवाई नहीं होने से यह अधिकार व्यवहार में निष्प्रभावी हो रहा है। समय पर सूचना नहीं मिलने से कई मामलों में उसे प्राप्त करने का उद्देश्य ही समाप्त हो जाता है। इस स्थिति को अनिश्चितकाल तक बनाए रखना जनता के साथ अन्याय है।

उन्होंने कहा कि सूचना का अधिकार नागरिकों को सरकारी कामकाज से जुड़ी जानकारी मांगने का अधिकार देता है। आयोग में सुनवाई नहीं होने से यह अधिकार व्यवहार में प्रभावित हो रहा है। कई मामलों में समय पर सूचना नहीं मिलने से उसका उद्देश्य भी समाप्त हो जाता है। मरांडी ने मुख्यमंत्री से समयबद्ध कार्रवाई कर आयोग का कामकाज जल्द शुरू कराने की मांग की है।

## संजय सेठ के रांची स्थित आवास पर गणेश जी की पूजा अर्चना



**संताल एक्सप्रेस रांची ।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ के रांची स्थित आवास पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने परिजनों स्वजनों के साथ विघ्नहर्ता, मंगलकर्ता भगवान गणेश जी की विधिवत पूजा अर्चना की एवं गणपति सब के जीवन में सुख शांति और समृद्धि की कामना के साथ भगवान श्री गणपति जी महाराज का आह्वान किया द्य आज के संध्या आरती मे झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास,भारतीय जनता युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष नव नियुक्त शशांक राज, रांची की मेयर रोशनी खालको, पूर्व राज्यसभा के सांसद अजय मारू ,डिप्टी मेयर नीरज कुमार, रांची महानगर के अध्यक्ष वरुण साहू,गणपति महाराज की आरती कर पूजन किया4 लगातार सात दिनों तक गणपति बप्पा रक्षा राज्य मंत्री श्री संजय सेठ के आवास पर विराजमान रहेंगे ।

प्रतिदिन सुबह शाम आरती का आयोजन किया जाएगा

## मजदूरी करने से इनकार पर किशोर को ट्रैक्टर से कुचला

**पलामू ।** जिले के पांकी थाना क्षेत्र के हूरलौंग गांव में 13 वर्षीय किशोर आशीष कुमार को ट्रैक्टर से कुचलकर उसकी हत्या की कोशिश की गयी। घटना के बाद किशोर की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार, आशीष के एक पैर में गंभीर चोट आई है और उसका इलाज कराया जा रहा है। आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण ग्रामीणों की मदद से चंदा जुटाकर उसके इलाज का खर्च वहन किया जा रहा है। परिजनों का आरोप है कि 02 अगस्त को आशीष अपने परिजनों के साथ आसेहार बाजार जा रहा था। इसी दौरान हूरलौंग निवासी प्रदीप यादव अपने ट्रैक्टर को खुद चलाते हुए वहां पहुंचा और बालक को ट्रैक्टर से कुचल दिया। घटना के बाद आरोपित ट्रैक्टर लेकर मौके से भाग गया। शिकायत पर पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ट्रैक्टर को जब्त कर थाना ले आई, लेकिन आरोपित की गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई है।परिजनों का आरोप है कि घटना के बाद से आरोपित खुलेआम घूम रहा है और उन पर केस उठाने का दबाव बना रहा है। परिजनों ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक कपिल चौधरी को आवेदन देकर आरोपित की गिरफ्तारी और सुरक्षा की मांग की है।

## अब निगम खुद वसूलेगा होल्डिंग टैक्स हर वार्ड में चिन्हित होंगे 500 बड़े बकायेदार

**रांची।** राजस्व संग्रहण से जुड़ी एजेंसी का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब नगर निगम खुद राजस्व वसूली का काम संभालेगा।इसे लेकर शुक्रवार को नगर निगम में बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता नगर आयुक्त सुशांत गौरव ने की।राजस्व शाखा परिसर में हुई बैठक में कहा गया है कि होल्डिंग टैक्स की वसूली के लिए वार्डवार लक्ष्य रखा जाएगा।बकाया कर की वसूली भी की जाएगी।निगम के आंतरिक राजस्व को बढ़ाने की तैयारियों की समीक्षा की गई। नगर आयुक्त ने कर संग्रहकर्ताओं, रेवेन्यू इंस्पेक्टर और नगर प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्र के लिए लक्ष्य आधारित कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया। इसमें बकाया होल्डिंग टैक्स की वसूली के साथ नए भवनों का असेसमेंट, री-असेसमेंट और ट्रेड लाइसेंस से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देने को कहा गया।नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक वार्ड में हर माह शीर्ष 500 बकायेदारों को चिन्हित किया जाएगा।इसमें बकाया कर की वसूली की जाए। बड़े बकायेदारों पर विशेष ध्यान देने और राजस्व वसूली में किसी तरह की शिथिलता नहीं बरतने को कहा गया।अक्टूबर से प्रत्येक वार्ड में राजस्व संग्रहण शिविर लगाए जाएंगे। इससे लोगों को स्थानीय स्तर पर ही कर भुगतान की सुविधा मिलेगी।लोगों को डिजिटल माध्यम से टैक्स भुगतान के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा।बैठक में सरकारी भूमि पर चल रहे व्यावसायिक गतिविधियों से जुड़े ट्रेड लाइसेंस की समीक्षा का निर्देश दिया गया।नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। जरूरत पड़ने पर ट्रेड लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी।निगम स्वामित्व वाली दुकानों से बकाया किराए की वसूली के लिए कार्ययोजना बनाई जाएगी।बकायेदारों की सूची जारी की जाएगी। इनसे किराया वसूलने का निर्देश दिया गया।इस मौके पर नगर आयुक्त ने कहा कि निगम को वित्तीय रूप से मजबूत बनाया जाएगा।इसे स्वावलंबी बनाने के लिए आंतरिक राजस्व बढ़ाने पर बल दिए जाएंगे। इसके लिए पदाधिकारी और कर्मियों को अधिक सक्रियता और जवाबदेही के साथ काम करना होगा। राजस्व संग्रहण की समीक्षा भी की जाएगी।इस दौरान बैठक में उप नगर आयुक्त रविंद्र कुमार, नगर प्रबंधक और राजस्व शाखा की टीम मौजूद थी।

## एसवीयू में 'आइडियाथॉन 2026' का आयोजन



**रांची।** एसवीयू में इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में आयोजित 'आइडियाथॉन 2026' में मुख्य अतिथि माननीय राज्यसभा सांसद सह निदेशक, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में केवल ज्ञान अर्जित करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उस ज्ञान का उपयोग वास्तविक जीवन की चुनौतियों के समाधान के लिए करना आवश्यक है। विद्यार्थियों को अपनी रचनात्मकता, विचारों और नवाचार की क्षमता के माध्यम से समाज की आवश्यकताओं को समझते हुए भविष्य के लिए समाधान विकसित करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। डॉ. वर्मा ने कहा कि शिक्षा को पारंपरिक कक्षा-कक्ष तक सीमित रखने के बजाय उसे व्यवहारिक एवं प्रयोग आधारित बनाना समय की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे समस्याओं को केवल चुनौती के रूप में न देखें, बल्कि उनमें नए अवसर तलाशें। उन्होंने कहा कि किसी भी बड़े परिवर्तन की शुरुआत एक विचार से होती है और जब विचार को नवाचार, परिश्रम एवं सही दिशा मिलती है, तो वह समाज में सार्थक प्रभाव उत्पन्न कर सकता है।

## इंजीनियरिंग कॉलेज मेस में घटिया खाने पर छात्रों का हंगामा

**पलामू।**पलामू जिले के नीलांबर-पितांबरपुर (लेस्लीगंज) प्रखंड के बसौरा स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज के मेस में भोजन की खराब गुणवत्ता और रसोई में फैली गंदगी को लेकर छात्रों ने गुरुवार रात जमकर हंगामा किया।छात्रों का आरोप है कि परोसे जाने वाले खाने में लगातार कीड़े, कांच के टुकड़े, बाल और लोहे के तार मिल मिलते हैं। खाना बनाने की जगह और बर्तनों की सफाई की स्थिति भी बेहद खराब है।मामले की जानकारी मिलते ही सदर मेदिनीनगर एसडीओ संजय पांडे, अंचलाधिकारी जागो महतो और फूड सेफ्टी इंस्पेक्टर की संयुक्त टीम ने कॉलेज परिसर पहुंचकर मेस का औचक निरीक्षण किया और मौके से भोजन के सैंपल जब्त किए।छात्र-छात्राओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि घटिया भोजन की शिकायत करने पर उनकी कोई नहीं सुनता। कॉलेज प्रबंधन और वेंडर के बीच पीसकर रह जाते हैं। ऐसे में उनकी पढ़ाई पर असर पड़ता है। वह अपनी पढ़ाई करें या व्यवस्था को सुधारे, यह समझ नहीं आता। लंबे समय से परेशान हैं।सदर एसडीओ संजय पांडे ने आक्रोशित छात्रों से वार्ता कर उन्हें शांत कराया। सदर एसडीओ ने बताया कि निरीक्षण में मेस में हाइजीन और साफ-सफाई का स्तर काफी खराब पाया गया है।बर्तनों की कमी, बैठने की व्यवस्था और सैनिटाइजेशन समेत करीब 10 से 12 बिंदुओं पर गंभीर कमियां मिली हैं, जिसके लिए संबंधित पक्षों को कारण बताओ (शो-कॉज) नोटिस जारी किया जाएगा।

# चैंबर चुनाव में गड़बड़ियों की निष्पक्ष जांच की मांग, टीम पी 21 ने चैंबर अध्यक्ष को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

रांची।फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव को लेकर टीम पी 21 ने अब सीधा मोर्चा खोल दिया है। टीम के प्रत्याशियों और प्रतिनिधियों ने आज चैंबर अध्यक्ष तुलसी पटेल से मुलाकात की।उन्होंने अध्यक्ष को अपनी शिकायतों का एक लिखित आवेदन सौंपा है। इसमें चुनाव प्रक्रिया में हुई गड़बड़ियों के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। साथ ही पूरी प्रक्रिया की एक स्वतंत्र, निष्पक्ष और संस्थागत जांच कराने की मांग रखी गई है।टीम पी 21 ने सबसे पहले सभी चुनावी रिकॉर्ड को तुरंत सुरक्षित करने की मांग की है। इसमें मतदान और मतगणना के मूल और डिजिटल अभिलेख शामिल हैं। मतदाता सूची और वोटिंग रजिस्टर को भी हिफाजत से रखने को कहा गया है।इसके अलावा कंप्यूटर लॉग और मतदान केंद्र के सीसीटीवी फुटेज को भी संरक्षित करने की मांग है। इसका मुख्य मकसद यह सुनिश्चित करना है कि किसी भी रिकॉर्ड से कोई छेड़छाड़ या डिलीशन न हो सके।चुनाव में पारदर्शिता लाने के लिए स्वतंत्र सत्यापन का आग्रह किया गया है।टीम चाहती है कि उपलब्ध रिकॉर्ड की जांच किसी विशेषज्ञ या सक्षम समिति से कराई जाए।जिन मतों पर आपत्तियां हैं, उनका मूल रिकॉर्ड और वीडियो साक्ष्यों से मिलान हो।इससे चुनाव आचार-संहिता के उल्लंघन की सच्चाई स्पष्ट हो सकेगी। मतदाताओं को प्रभावित करने की शिकायतों का भी इससे निपटारा हो सकेगा।विवादित प्रत्याशियों के पदभार पर लगे रोक

जिन प्रत्याशियों के खिलाफ गंभीर शिकायतें हैं, उनके पदभार ग्रहण पर तत्काल रोक की मांग की गई है।जांच पूरी होने तक उन्हें कार्यकारी समिति में शामिल न करने को कहा गया है।टीम का कहना है कि अगर आरोप सही साबित होते हैं, तो नियमों के तहत कड़ी कार्रवाई हो। ऐसे प्रत्याशियों को अयोग्य घोषित कर पद से हटाया जाए।पहले सत्यापन, फिर अंतिम वैधानिक निर्णय की नीति पर टीम पी 21 ने जोर दिया है।पी 21 का कहना है कि उनका मकसद किसी व्यक्ति विशेष को निशाना बनाना नहीं है। वे केवल चुनाव की विश्वसनीयता और संस्था की मर्यादा को बचाए रखना चाहते हैं।

टीम ने चैंबर अध्यक्ष से तय समयसीमा के भीतर सभी पक्षों को सुनने का अनुरोध किया है।जांच की स्थिति की लिखित जानकारी देने की भी मांग रखी गई है।ऐसा होने पर ही चुनाव परिणाम सभी सदस्यों को स्वीकार्य होंगे।

# राज्य मानवाधिकार आयोग के रिक्त पदों को तीन महीने में भरें : हाई कोर्ट

रांची, 17 सितंबर (हि.स.)। झारखंड उच्च न्यायालय ने राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों सहित अन्य रिक्त पदों को तीन माह के भीतर भरने का आदेश राज्य सरकार को दिया है। अदालत ने यह आदेश शशि सागर वर्मा की जनहित याचिका पर गुरुवार को सुनवाई के दौरान दिया।अदालत ने कहा कि राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों समेत अन्य पदों को लंबे समय तक रिक्त नहीं रखा जा सकता। आयोग में पद रिक्त रहने से मानवाधिकार से जुड़े मामलों की



सुनवाई प्रभावित हो रही है।याचिका की पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अदालत को बताया गया था कि आयोग में रिक्त पदों को भरने का मामला सरकार के आला अधिकारियों के स्तर पर लंबित है। वहीं, प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि झारखंड राज्य मानवाधिकार आयोग में वर्ष 2018 से अध्यक्ष का पद रिक्त है।प्रार्थी के अनुसार, राज्य में मानवाधिकार से जुड़े कई मामले लंबित हैं। अध्यक्ष और सदस्यों के पद खाली रहने के कारण इन मामलों की सुनवाई नहीं हो पा रही है।उल्लेखनीय है कि जस्टिस आरआर प्रसाद राज्य मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष रह चुके हैं। उनके बाद से अध्यक्ष का पद रिक्त है।-

## करम देवता को लेकर आदिवासी संगठनों की आपत्ति, चर्चों में पर्व मनाने के तरीके पर उठे सवाल




**रांची ।** शुक्रवार को प्रेस वार्ता का मुख्य विषय ईसाइयों के द्वारा चर्च/गिरजा घरों में करम देवता को गाड़ कर अपमानित और खिलवाड़ किये जा रहे के संबंध में। ईसाइयों द्वारा लिखित पुस्तक खड़िया धर्म और संस्कृति का विश्लेषण एवं आदिवासी मिस्सा संग्रह मे कहा गया है कि वैटिकन विश्व सभा के निर्देशन के आधार पर हमने अपने आदिवासी त्योहारों का अध्ययन एवं संशोधन किया और उन्हें अब हम खीस्तीय ढंग से अर्थात ईसाई विधि से सरहुल और करम आदि त्योहारों को मना सकते आज उसी निर्देशन के अनुसार हम आदिवासियों का आराध्य देव करम देवता को चर्च/गिरजा घरों के अंदर बालू का टिना में खड़ा कर हमारे आराध्य देव करम देवता को अपमानित कर रहे हैं। ज्ञात हो कि आदिवासियों का पर्व त्यौहार संस्कार संस्कृति परंपरागत रुढ़ि प्रथा पूजा पद्धति इत्यादि को त्यागने के बाद आदिवासी धर्म पूजा पद्धति इत्यादि से इन्हें कोई लेना-देना नहीं रह जाता है किंतु आदिवासी बने रहने के लिए आस्था से नहीं बल्कि दिखावा के लिए आदिवासियों का पर्व त्योहारों को मनाने का ढोंग कर रहे हैं। हम आदिवासी समाज भादो एकादशी के दिन करम देवता को पूरे विधि विधान और आस्था और उल्लास के साथ अपने भाई बहनों माता-पिता के साथ रात भर सामूहिक नृत्य संगीत करते हैं उसको भी ईसाइयों के द्वारा कहा जाता है कि करम पूजा की रात को नाचते गाते हैं और इस अवसर पर लड़का लड़की स्त्री पुरुष जिस किसी के साथ अपना आचरण खराब करते हैं । वास्तव में यह बुरा करम है इसे आदिवासी समाज से ही हटाने की बात करता है ये हम आदिवासियों के लिए बहुत ही आपत्तिजनक है।इस विषय को लेकर दिनांक 16/9/2026 को केन्द्रीय सरना समिति एवं विभिन्न आदिवासी संगठनों ने रांची के उपायुक्त महोदय को एक लिखित रूप से इस पर रोक लगाने की मांग की है।इस प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा, मुख्य पहान जगलाल पहान, जनजाति सुरक्षा मंच के संदीप उरांव, डॉ बिरसा उरांव, सोमा उरांव, अंजलि लकड़ा, शनि उरांव, अजय कुमार भोगता , झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति के अध्यक्ष मेघा उरांव, रवि प्रकाश उरांव, एवं अन्य संगठन के विमल पहान, सतीश उरांव, प्रदीप मुंडा आदि उपस्थित थे।

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता में एथलेटिक्स स्पर्धाएं संपन्न



**गोड्डा।** खेलो झारखंड जिला स्तरीय प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग की एथलेटिक्स स्पर्धाएं गोड्डा कॉलेज मैदान में संपन्न हुईं। प्रतियोगिता में बालक एवं बालिका वर्ग के लिए 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, 1500 मीटर एवं 3000 मीटर दौड़, बालिका वर्ग में 3000 मीटर पैदल चाल तथा बालक वर्ग में 5000 मीटर पैदल चाल की स्पर्धाएं आयोजित की गईं । इसके अलावा डिस्कस थ्रो, शॉट पुट, जेवलिन थ्रो, हाई जंप, लॉन्ग जंप एवं ट्रिपल जंप के साथ-साथ रिले प्रतियोगिताएं भी संपन्न हुईं।विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी अशोक कुमार सिन्हा, एपीओ अजय कुमार एवं अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी नलिनी रंजन प्रसाद द्वारा पुरस्कार एवं परितोषिक प्रदान किए गए।प्रतियोगिता के सफल संचालन में जिले के सभी शारीरिक शिक्षा शिक्षक मौजूद रहे और उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन किया। आगामी 19 सितंबर 2026 को अंडर-17 बालक एवं बालिका वर्ग की कबड्डी एवं खो-खो स्पर्धाएं आयोजित की जाएंगी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया प्रधानमंत्री का जन्मदिन



**हनवारा संवाददाता ।** महागामा प्रखंड के हनवारा मंडल अंतर्गत नयानगर स्थित शिव मंदिर प्रांगण में भारतीय जनता पार्टी हनवारा मंडल के कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों की मौजूदगी में केक काटकर प्रधानमंत्री के जन्मदिन की खुशियां साझा की गयीं। इस अवसर पर महागामा विधानसभा के पूर्व विधायक अशोक कुमार भगत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन और सेवा कार्यों को स्मरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने लंबे समय से राष्ट्रसेवा को प्राथमिकता देते हुए देश के विकास और जनसेवा के लिए कार्य किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर उनके स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।भाजपा हनवारा मंडल अध्यक्ष संतोष कुमार गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वस्थ, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के राष्ट्रसेवा के संकल्प को नमन करते हुए कार्यकर्ताओं को जनसेवा और संगठन को मजबूत करने की दिशा में लगातार कार्य करना चाहिएकार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर प्रदेश भाजपा ने आयोजित किए कई कार्यक्रम



**रांची ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को यादगार और ऐतिहासिक रूप से मनाने के लिए गुरुवार को प्रदेश भाजपा की ओर से पूरे राज्य में कई कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को एक उत्सव के रूप में मनाया गया।इस अवसर पर राज्य के लाखों घरों में आशीर्वाद का दीया प्रज्वलित हुआ और सभी ने नरेंद्र मोदी के दीर्घायु जीवन की कामना की।इस दौरान राज्य भर के मठ, मंदिर, घरों, कार्यालयों और प्रतिष्ठानों में भाजपा के कार्यकर्ता आम जनता के साथ मिलकर आर्शीवाद का दीया जलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।वहीं कार्यक्रम के तहत पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने अपने आवास के अलावा रांची पश्चिमी जिला अंतर्गत कुच्चू मंडल के दुर्गा मंदिर में, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने अपने आवास और संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह के साथ रांची महानगर स्थित अल्बर्ट एक्का चौक पर एवं राष्ट्रीय मंत्री प्रदीप वर्मा ने सरला बिरला विवि में आयोजित दीपोत्सव में शामिल हुए।

**अल्बर्ट एक्का चौक पर जलाये गए 21 हजार दीये**

साथ ही पार्टी के हर बूथ और गांव एवं शहरों में लाभार्थियों ने भी घरों के आंगन और सार्वजनिक स्थलों पर दीप जलाए।वहीं रांची महानगर के अल्बर्ट एक्का चौक, जेल मोड़, रातू फ्लाई ओवरब्रिज, लाइट हाउस जगनाथपुर, रांची पश्चिमी जिला के कुजू स्थित दुर्गा मंदिर, कोडरमा के आरपीआई ग्लोबल स्कूल, धनबाद के राम मंदिर चिटाही धाम सहित पूरे राज्य में दीपोत्सव का कार्यक्रम का आयोजित किया गया।

इस अवसर पर झारखंड़ प्रदेश कार्यालय सहित पूरे राज्य में युवा मोर्चा ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

## झारखंड हाई कोर्ट ने बर्खास्त सिपाही को सेवा निरंतरता और बकाया वेतन देने का दिया आदेश

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने बर्खास्तगी के बाद पुनर्बहाल किए गए झारखंड आर्म्ड पुलिस (जैप-8), पलामू के सिपाही जितेंद्र कुमार को 28 नवंबर 2015 से 13 अक्टूबर 2023 तक की अवधि की सेवा में निरंतरता का लाभ देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति दीपक रोशन की अदालत ने संबंधित अवधि का बकाया वेतन सहित सभी परिणामी लाभ देने का आदेश दिया है।अदालत ने इस अवधि को 'नो वर्क, नो पे' के आधार पर बिना वेतन रखने और असाधारण अवकाश के रूप में मानने संबंधी आदेश को रद्द कर दिया। अदालत ने संबंधित अधिकारियों को रिकॉर्ड का सत्यापन कर सभी परिणामी लाभ देने तथा बकाया राशि का भुगतान आदेश की प्रति प्राप्त होने की तारीख से 12 सप्ताह के भीतर करने का निर्देश दिया है।प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता नेहा भारद्वाज ने पक्ष रखा।दरअसल, जितेंद्र कुमार जैप-8, पलामू में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। उनके खिलाफ 30 दिसंबर 2014 को विभागीय आरोप पत्र गठित किया गया था। उन पर फर्जी आवासीय प्रमाण पत्र के आधार पर नौकरी हासिल करने और पुलिस विभाग में नौकरी दिलाने के नाम पर रुपये लेने के आरोप लगाए गए थे।विभागीय जांच में आरोप प्रमाणित पाए जाने के बाद 28 नवंबर 2015 को उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। इसके खिलाफ दायर उनकी अपील भी 18 मार्च 2016 को खारिज कर दी गई थी। इसके बाद जितेंद्र कुमार ने बर्खास्तगी के आदेश को चुनौती देते हुए झारखंड उच्च न्यायालय का रुख किया था।

## सीएमपीडीआई और क्युसीआई के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर



**रांची ।** कोल इंडिया लिमिटेड की अनुषंगी कम्पनी सीएमपीडीआई, रांची एवं क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया (क्युसीआई), नई दिल्ली के बीच आज नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर हुआ। इसका उद्देश्य खनन क्षेत्र में सतत खनन, इनवायरनमेंटल गवर्नेंस, क्लाइमेट एक्शन, गुणवत्ता में सुधार और क्षमता निर्माण को मजबूत करना है।

## राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा का दिल्ली अभियान संपन्न, 20 दलों को सौंपा ज्ञापन



**रांची।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा की ओबीसी अधिकार यात्रा के तहत आगामी जातीय जनगणना में अलग ओबीसी कॉलम शामिल करने की मांग को लेकर चलाया गया एक सप्ताह का सघन दिल्ली अभियान सफलतापूर्वक पूरा हो गया। प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में 12 सितंबर को रांची से दिल्ली गया 21 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल 18 सितंबर को गरीब रथ एक्सप्रेस से वापस रांची लौटा। रांची रेलवे स्टेशन पर कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच प्रतिनिधिमंडल का जोरदार स्वागत किया।अभियान के परिणामों की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता ने बताया कि दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की अध्यक्ष साध्वी निरंजन ज्योति और देश के जनगणना आयुक्त को औपचारिक ज्ञापन सौंपा गया। इसके साथ ही संसद में प्रतिनिधित्व करने वाले 20 प्रमुख राजनीतिक दलों—एनसीपी, एनपीपी, लोजपा, आम आदमी पार्टी, राजद, सपा, तृणमूल कांग्रेस, अपना दल, बसपा, भाकपा, द्रमुक और जदयू के शीर्ष नेतृत्व से मिलकर ओबीसी समुदाय के संवैधानिक अधिकारों और अलग कॉलम की अनिवार्यता पर विस्तार से चर्चा की गई।रांची स्टेशन पर मोर्चा के महासचिव काशी अग्रवाल, रामावतार कश्यप, जयराम ठाकुर, अखिलेश कुमार, सुरेश यादव, सचिंद्र यादव, मुकेश महतो, धीरज कुमार, पिंटू यादव और राकेश यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने प्रतिनिधिमंडल का अभिनंदन किया।राजेश कुमार गुप्ता ने आगे बताया कि जातीय जनगणना के प्रारूप में अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अलग कॉलम का प्रावधान न किए जाने के विरोध में 19 सितंबर को देशव्यापी काला दिवस मनाया जाएगा।

## पेज एक का शेष

**6-7 हजार रुपये जमा कराए, न लोन मिला न मशीन-फ्रिज**

जानकारी के अनुसार, उत्तम माइक्रो फाइनेंस एसोसिएशन की ओर से क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों पर कार्यालय संचालित किए जा रहे थे। महिलाओं का आरोप है कि संस्था से जुड़े लोगों द्वारा 6 से 7 हजार रुपये जमा कराए गए और इसके बदले सिलाई मशीन, फ्रिज तथा व्यवसाय शुरू करने के लिए नगद राशि उपलब्ध कराने की बात कही गई थी। महिलाओं के अनुसार, भरोसे में आकर बड़ी संख्या में लोगों ने राशि जमा की। सूत्रों के मुताबिक करीब दो से तीन हजार लोग इस योजना से जुड़े हो सकते हैं। हालांकि, पीड़ितों की वास्तविक संख्या, जमा राशि और संस्था की भूमिका के संबंध में स्थिति लिखित शिकायत एवं पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

**लिखित शिकायत के बाद होगी कार्रवाई**

हंसडीहा थाना प्रभारी अजीत यादव ने बताया कि मामले में लिखित आवेदन प्राप्त होने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस को शिकायत मिलने के बाद ही पूरे मामले में कितनी राशि की लेन-देन हुई और कितने लोग इससे प्रभावित हुए हैं, इसकी जांच की जाएगी।

# बीडीओ के खिलाफ 12वें दिन भी धरना जारी, कुड़मी समाज ने दिया समर्थन




**संताल एक्सप्रेस**

**गोड्डा।** जिले के पथरगामा प्रखंड कार्यालय परिसर में पथरगामा प्रखंड की जनता से जुड़े मुद्दों को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) नितेश कुमार गौतम के खिलाफ पूर्वी जिला परिषद सदस्य अमित कुमार भगत का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 12वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर पहुंचकर आदिवासी कुड़मी समाज के जिला अध्यक्ष ने आंदोलन को नैतिक समर्थन दिया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रखंड की जनता के हित से जुड़े मामलों में जब तक संबंधित स्तर पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। उन्होंने जिला प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए अविलंब आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की। धरना स्थल पर आदिवासी कुड़मी समाज के युवा उपाध्यक्ष दशरथ महतो, दीपक कुमार महतो, सोनू कुमार महतो, आनंद महतो, संतोष कुमार महतो, महिला अध्यक्ष प्रेमलता महतो सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। आंदोलनकारियों ने कहा कि उनकी मांगों पर सकारात्मक पहल होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## मिनी गन फैक्ट्री का संचालक पवन तुरी बोकारो से गिरफ्तार



**गोड्डा।** प्रखंड थाना क्षेत्र के घाट बलिया गांव से 16 सितंबर को गिरफ्तारी के डर से फरार मिनी गन फैक्टरी संचालक पवन कुमार तुरी को गिरफ्तार किये जाने की जानकारी सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक बोकारो एसपी नाथू सिंह मीणा के निर्देश पर बोकारो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पवन कुमार तुरी को रांची भागने के क्रम में बेरियर के समीप गिरफ्तार किया और गोड्डा भेज दिया। वहीं सूत्रों से यह भी पता चला था की पवन कुमार तुरी अपने क्षेत्र में एक समाजसेवी और एक यूट्यूबर के नाम से पहचाना जाता है, जिसकी आड़ में उसने यह धंधा शुरू किया था, ताकि लोगों का ध्यान इस अवैध धंधे ना पड़े। वहीं यह भी जानकारी प्राप्त हो रही थी कि पवन तुरी द्वारा लगाई गई मिनी गन फैक्ट्री से हजारों देशी हथियार अब तक बेचे जा चुके हैं। यह हथियार किसे बेचा गया है और किसने खरीदा इस जानकारी को पुलिस द्वारा काफी गहराई से खंगाला जा रहा है।जानकारी के मुताबिक पवन कुमार तुरी अपनी कार से गोड्डा से रांची के लिए निकला था। इसी दौरान बोकारो की पुलिस उसकी रेकी कर रही थी। देर रात बेरियर के समीप पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और गोड्डा भेज दिया।सूत्रों के अनुसार, मिनी गन फैक्टरी में बिहार एसटीएफ और गोड्डा पुलिस की संयुक्त छापेमारी के दौरान बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की गयी थी। इसके बाद पवन कुमार तुरी के फरार होने की बात सामने आयी। हालांकि, पवन कुमार तुरी की गिरफ्तारी को लेकर गोड्डा पुलिस की ओर से अब तक मीडिया को किसी प्रकार की जानकारी नहीं दी गयी है। गिरफ्तारी की कोई आधिकारिक पुष्टि भी नहीं हुई है। ऐसे में फिलहाल गिरफ्तारी की जानकारी सूत्रों के हवाले से ही सामने आयी है।

## हिंदी दिवस पर सम्मान समारोह



**गोड्डा ।** शांतिनगर स्थित संगम कार्यालय में श्रमजीवी सेवा ट्रस्ट की ओर से हिंदी दिवस सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान हिंदी साहित्य के विकास की दिशा में अहम भूमिका अदा करने वाले साहित्यकारों को सम्मानित किया गया। इनमें अखिल भारतीय अंगिका कला साहित्य मंच के प्रदेश अध्यक्ष डा. कयूम अंसारी, विभिन्न खेल संघ के सचिव व ख्यातिप्राप्त उद्घोषक सुरजीत झा, दिलीप कुमार झा, लीली कुमारी, संजीव कुमार झा, अमरेन्द्र कुमार सिंह शामिल थे। इस दौरान अखिल भारतीय अंगिका साहित्य कला मंच के अध्यक्ष डा. कयूम अंसारी ने कहा कि साहित्य समाज का दर्पण होता है। देश की मातृभाषा जितनी समृद्ध होती है वह उतना ही विकास की ओर अग्रसर होता है। मातृभाषा हमारे लिए अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम है। ऐसे में अंगिका को राज्य भाषा के लिए अंगीकृत करने सहित राज्यस्तर पर होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा में भी शामिल करने की मांग की जा रही है। कहा कि स्थानीय टीम ने जनगणना के दौरान एक लाख से अधिक मुस्लिम जो अंगिका बोलते हैं उसकी मातृभाषा के रूप में अंगिका दर्ज कराने में अहम भूमिका अदा की है।

## विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस पर स्कूली बच्चों को किया गया जागरूक



**मेहरमा।** विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस के अवसर पर उत्क्रमित उच्च विद्यालय, सुखाडी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य, तनाव, भावनात्मक परेशानियों तथा विपरीत परिस्थितियों का सकारात्मक तरीके से सामना करने के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में आयुष्मान आरोग्य मंदिर की सीएचओ स्नेहलता मुर्मू ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में परेशानियां और असफलताएं आना स्वाभाविक है, लेकिन ऐसी परिस्थितियों में घबराने या खुद को अकेला महसूस करने के बजाय अपनी समस्याओं को परिवार के सदस्यों, शिक्षकों अथवा किसी विश्वसनीय व्यक्ति के साथ साझा करना चाहिए। परिवार, विद्यालय और समाज की जिम्मेदारी है कि मानसिक तनाव से जूझ रहे व्यक्ति को समझें, उसकी बात सुनें और जरूरत पड़ने पर उचित सहयोग उपलब्ध कराएं।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष मो. शमीम, प्रभारी जावेद उस्मानी, श्रवण साह, सलीम आलम एवं मनीष कुमार सिंह सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## चित्तरंजन में स्थापना दिवस समारोह



**चित्तरंजन।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय चित्तरंजन में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद दिवस एवं विद्यालय स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुगिंद सुरेंद्रम, एसडीजीएम सह सीवीओ, चिरेका तथा विशिष्ट अतिथि प्रसेनजित सरकार, डीजीएम, चिरेका ने दीप प्रज्वलित कर एवं विद्यालय ध्वज फहराकर किया। विद्यार्थियों ने मार्च-पास्ट के जरिए अनुशासन और खेल भावना का प्रदर्शन किया।आयोजन के दौरान दौड़, रिले रेस, लंबी कूद, डिस्कस थ्रो, जैवलिन थ्रो और नींबू दौड़ समेत विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विजेताओं को पदक एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया।स्थापना दिवस पर विद्यालय की उपलब्धियों और गौरवपूर्ण सफर को याद किया गया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, देशभक्ति गीतों और रंगारंग कार्यक्रमों से समां बांधा। मुख्य अतिथि ने खेल एवं शिक्षा को सर्वांगीण विकास का आधार बताते हुए विद्यार्थियों को निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। समारोह का समापन पुरस्कार वितरण और धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

## पिकलबॉल प्रतियोगिता के लिए गोड्डा की टीम रवाना



**गोड्डा।** पांचवीं राज्य स्तरीय पिकलबॉल प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए गोड्डा जिला पिकलबॉल टीम शुक्रवार को गोड्डा-रांची इंटरसिटी ट्रेन से रांची के लिए रवाना हुई। प्रतियोगिता का आयोजन 19 एवं 20 सितंबर को रांची के खेलगांव में किया जाएगा। इसमें झारखंड के विभिन्न जिलों की टीमें भाग लेंगी। प्रतियोगिता में एक हजार से अधिक खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है।गोड्डा जिला पिकलबॉल एसोसिएशन के सचिव मोनू रंजन ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर जिले के खिलाड़ियों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जिले के विभिन्न क्षेत्रों से खिलाड़ियों का चयन एवं पंजीकरण कराया गया है। खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन को लेकर उत्साहित हैं और पूरी मेहनत, अनुशासन एवं खेल भावना के साथ मैदान में उतरेंगे।

## मिहिजाम में विश्वकर्मा पूजा मनाया गया



**मिहिजाम।** शिल्प और निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा के अवसर पर मिहिजाम स्थित एकमात्र विश्वकर्मा मंदिर में भव्य धार्मिक आयोजन हुआ। पूजा को लेकर मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी और पूरे वातावरण में भक्तिमय माहौल बना रहा। पूजा के उपरांत खिचड़ी भोग एवं भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।मंदिर समिति के अध्यक्ष पशुपति शर्मा, उपाध्यक्ष किशुन शर्मा और सचिव नंदलाल शर्मा ने बताया कि पूरे क्षेत्र में यह भगवान विश्वकर्मा का एकमात्र मंदिर है। वर्ष 1951 में स्थापित इस मंदिर की देखरेख स्थापना काल से ही बढ़ई समाज द्वारा की जा रही है। प्रत्येक वर्ष यहां श्रद्धा एवं उत्साह के साथ पूजा संपन्न होती है।इस अवसर पर पुरोहित सुभाष चंद्र झा ने विधिवत पूजा-अर्चना कराई। आयोजन को सफल बनाने में महेश शर्मा, मदन शर्मा, भोला शर्मा, सतीश शर्मा, विजय शर्मा, रंजन शर्मा और संजय शर्मा सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया।

## खेंलो इंडिया अस्मिता रग्बी सिटी लीग की तैयारी तेज

**संताल एक्सप्रेस**

**गोड्डा।** जिले में बालिका रग्बी को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रतिभाओं को बेहतर खेल मंच उपलब्ध कराने की दिशा में खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी सिटी लीग 2026 का आयोजन 20 सितंबर को कनभारा मैदान में किया जाएगा। प्रतियोगिता के अंडर-15 और अंडर-18 बालिका वर्ग में कुल 25 टीमें हिस्सा लेंगी। इनमें अंडर-15 वर्ग की 13 और अंडर-18 वर्ग की 12 टीमें शामिल हैं। प्रतियोगिता में करीब 300 खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है। प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर गोड्डा जिला रग्बी फुटबॉल संघ की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। संघ के महासचिव एवं मुख्य प्रशिक्षक करन कुमार कश्यप के नेतृत्व में टीमों के समन्वय, खिलाड़ियों की तैयारी, मैदान की व्यवस्था, प्रतियोगिता संचालन, अनुशासन और खिलाड़ियों की सुविधाओं को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।बालिका खिलाड़ियों को मिलेगा बड़ा खेल मंच प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली बालिका खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। 25 टीमों की भागीदारी से गोड्डा में बालिका रग्बी के प्रति बढ़ती रुचि का भी पता चलता है। आयोजन के माध्यम से प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान कर उन्हें जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने पर जोर दिया जाएगा। करन कुमार कश्यप लंबे समय से जिले में रग्बी को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के माध्यम से खिलाड़ियों को अवसर उपलब्ध कराने पर जोर दे रहे हैं। विद्यालयों और ग्रामीण क्षेत्रों की अधिक से अधिक बालिकाओं को रग्बी से जोड़ने के साथ उन्हें नियमित अभ्यास और प्रतियोगितात्मक अनुभव दिलाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं।खेल के साथ अनुशासन और नेतृत्व पर भी जोर रग्बी प्रशिक्षण के दौरान खिलाड़ियों को खेल की तकनीक के साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। आयोजन से जुड़े लोगों का मानना है कि इस तरह की प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को अपनी क्षमता परखने और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं। खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी सिटी लीग के माध्यम से खिलाड़ियों को अलग-अलग टीमों के साथ प्रतिस्पर्धा करने और उच्च स्तर के खेल अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। आयोजन समिति की ओर से प्रतियोगिता को सुव्यवस्थित और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं।प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का लक्ष्यकरन कुमार कश्यप ने कहा कि उद्देश्य सिर्फ प्रतियोगिता आयोजित करना नहीं, बल्कि गोड्डा की अधिक से अधिक बालिकाओं को रग्बी से जोड़कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और प्रतियोगितात्मक मंच उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि जिले की प्रतिभाशाली खिलाड़ी मेहनत और नियमित अभ्यास के माध्यम से जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं। उन्होंने कहा कि खेलो इंडिया अस्मिता रग्बी सिटी लीग नई प्रतिभाओं को सामने लाने का महत्वपूर्ण अवसर है।

## सुदिव्य कुमार सोनू को दी गई श्रद्धांजलि

**साहिबगंज।** राजमहल विधायक मोह मद ताजुद्दीन उर्फ एमटी राजा गुरुवार को गिरिडीह पहुंचे.उन्होंने दिवंगत मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू के श्राद्धकर्म एवं श्रद्धांजलि सभा में शामिल होकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की.श्राद्धकर्म में शामिल होकर विधायक एमटी राजा ने दिवंगत मंत्री के तैलीय चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उनकी आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं और इस कठिन समय में उन्हें ढांढस बंधाया.दिवंगत नेता के योगदान को याद करते हुए विधायक एमटी राजा ने कहा कि संदीप कुमार सोनू का असमय चले जाना क्षेत्र और समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है.

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता का आयोजन



**कर्माटांड़ ।** खेलो झारखंड 2026-27 के अंतर्गत शुक्रवार को राजकीयकृत गुलाब राय गुटगुटिया प्लस टू विद्यालय, कर्माटांड़ के खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ शिक्षकों, बीआरसी कर्मियों एवं सीआरपी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कर्माटांड़ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब हासिल किया, जबकि राजकीयकृत गुलाब राय गुटगुटिया प्लस टू विद्यालय, कर्माटांड़ की टीम उपविजेता रही। कर्माटांड़ की टीम विजेता बनी, जबकि उत्क्रमित उच्च विद्यालय, शिकरपोशनी की टीम उपविजेता रही।

## जामताड़ा में दुर्गोत्सव की तैयारी शुरू

**जामताड़ा।** जामताड़ा बाजार स्थित ऐतिहासिक दुर्गा मंदिर में इस वर्ष 111वां दुर्गोत्सव आस्था, परंपरा और धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया जाएगा। आयोजन को लेकर पूजा कमेटी एवं श्रद्धालुओं में उत्साह है। इस बार भव्य सजावट के साथ पारंपरिक पूजा पद्धति को विशेष महत्व देने की तैयारी है। पूजा कमेटी के अध्यक्ष राजा अजीत कुमार सिंह हैं, जबकि सचिव टी.के. माजी हैं। कोषाध्यक्ष सौगत सेन ने बताया कि मां दुर्गा की पूजा निर्धारित विधि-विधान के अनुसार संपन्न होगी। पंडाल, विद्युत सज्जा और श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर भी ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर की पूजा क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत का हिस्सा है और नई पीढ़ी को इससे जोड़ना प्राथमिकता है।मंदिर की धार्मिक परंपराएं राजघराने से जुड़ी मानी जाती हैं। समिति का उद्देश्य पूजा की गरिमा बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं को बेहतर व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

## नाला में खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ



**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार के निर्देश तथा जिला शिक्षा पदाधिकारी सह अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में शुक्रवार को नाला नेताजी स्टेडियम में प्रखंड स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। पूर्वाह्न करीब 10 बजे बीपीओ कृष्ण मनोहर सिंह, सीआरपी नित्यानंद गोराईं, शिक्षक राधा विनोद मंडल, सुरजीत भट्टाचार्य, नवीन कुमार, विमल कुमार सिंह, नेपाल चंद्र दास एवं बादशाह मुखर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।प्रतियोगिता के दौरान ऊंची कूद, लंबी कूद, 100 मीटर दौड़, 200 मीटर दौड़, डिस्कस थ्रो, कबड्डी सहित विभिन्न खेल स्पर्धाएं शुरू की गईं।100 मीटर बालिका वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में मंगली सोरेन एवं नमिता मरांडी ने भाग लिया। वहीं 100 मीटर बालक वर्ग की दौड़ में विवेक भंडारी, चंदन पाल एवं नित्यानंद मल्लिक ने हिस्सा लिया। 200 मीटर बालक वर्ग की दौड़ प्रतियोगिता में विवेक भंडारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण



**साहिबगंज ।** मंडरो प्रखंड क्षेत्र के छोटी सोलबंधा , मुसहर टोला में शुक्रवार को आजसू पार्टी की ओर से बाढ़ प्रभावित गरीब परिवारों के बीच सूखा राहत सामग्री का वितरण किया. पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के निर्देश पर आयोजित राहत वितरण कार्यक्रम का नेतृत्व आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडेय ने किया. इस दौरान बाढ़ से प्रभावित जरूरतमंद परिवारों को सूखा राशन उपलब्ध कराया गया.राहत सामग्री मिलने पर बाढ़ प्रभावित लोगों ने आजसू कार्यकर्ताओं का आभार जताया.आजसू जिलाध्यक्ष चतुरानंद पांडेय ने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों की परेशानी को देखते हुए पार्टी लगातार राहत कार्य में जुटी है. आजसू पार्टी की ओर से बाढ़ प्रभावित विभिन्न गांवों और टोलों में रहने वाले गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के बीच सूखा राशन वितरित किया जा रहा है. उन्होंने कहा कि राहत कार्य को आगे भी जारी रखा जाएगा. मौके पर आजसू पार्टी के कई कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण मौजूद थे.

## कानूनी अधिकारों से रूबरू हुईं बालिका विद्यालय की छात्राएं



**जामताड़ा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जामताड़ा की ओर से झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, कर्माटांड़ में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। राष्ट्रीय एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं को बाल अधिकार, संरक्षण और निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी दी गई।एलएडीसी अधिवक्ता सरिता कुमारी बर्मन ने बच्चों के संवैधानिक एवं कानूनी अधिकारों पर प्रकाश डाला। वहीं पैनल अधिवक्ता बबली साव ने पॉक्सो एक्ट, बाल विवाह, दहेज प्रथा और लैंगिक समानता से संबंधित प्रावधानों को समझाया। साथ ही नालसा की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में छात्राओं ने बाल विवाह और दहेज प्रथा के विरोध में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। पीएलवी गोपाल मंडल, देवश्री मुर्मू, राजेश बेसरा, मेघा गुप्ता, बाबूराम मरांडी और ललटू यादव ने सहयोग किया। विद्यालय की प्रभारी पार्वती सहित अन्य शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## नाला में एसआईआर सुनवाई शिविर



**संवाददाता नाला (जामताड़ा)।** विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मंगलवार को दलाबड़ पंचायत सभागार में विशेष सुनवाई शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नो-मैपिंग मतदाताओं को भेजे गए नोटिस के आधार पर उनके दावे-आपत्तियों की सुनवाई की गई। मालूम हो कि बूथ संख्या 271 में 102 लोगों को नोटिस दी गई थी वहीं बुथ सं0 272 में 75 लोगों को नोटिस दिया गया था जबकि बुथ संख्या 273 में 83 लोगों को नोटिस दी गई थी। स्कूल 260 नो मैपिंग मतदाताओं का सत्यापन को लेकर कागजात प्रस्तुत की गई। इस दौरान मतदाताओं द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों का भारत निर्वाचन आयोग के निर्धारित नियमों के अनुसार मिलान एवं सत्यापन किया गया। शिविर में डीपीआरओ पंकज कुमार रवि की देखरेख में पेशकार टीम के साथ नोटिस प्राप्त मतदाताओं से बातचीत कर उनके दस्तावेजों की जांच की गई । इस दौरान जन्मतिथि के आधार पर दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। दस्तावेजों का सत्यापन कर रिकॉर्ड से मिलान किया गया। तरुण कुमार हेंब्रम, सत्यवान मरांडी पुनु बाउरी, राजीव कुमार महतो, पिंटू कुमार डोकनिया, कौशिक भट्टाचार्य, समीर कुमार बाद्यकर, प्रहलाद कुमार ,तापस मंडल ,सैकत भट्टाचार्य,बीएलओ कल्पना घोष, शांति रानी पाल, रूपी घोष सहित पेशकार टीम के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## भागा फुटबॉल टूर्नामेंट के फाइनल में चित्तरंजन की जीत



**मिहिजाम।** एएफसी भागा के तत्वावधान में आयोजित एलटी. लाबेश्वर सोरेन, सहदेव मुर्मू एवं एलटी. बलदेव किस्कू मेमोरियल ट्रॉफी-2026 का फाइनल मुकाबला रोमांचक रहा। एफसीबी चित्तरंजन ने पेनल्टी शूटआउट में एनबीएफसी जामग्राम को 4-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया।समापन समारोह में झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। खेलप्रेमियों और स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया। अपने संबोधन में मंत्री ने खेल आयोजनों को युवाओं को सकारात्मक दिशा देने और सामाजिक एकजुटता बढ़ाने का माध्यम बताया। राजनीतिक मुद्दों पर बोलते हुए डॉ. अंसारी ने कहा मैं झारखंड को भाजपा की बुरी नजर से बचाऊंगा। उन्होंने आदिवासी-मूलवासी अधिकारों, जल-जंगल-जमीन और प्रस्तावित एमएमडीआर बिल को लेकर भाजपा पर आरोप लगाए। मंत्री ने दावा किया कि कांग्रेस पार्टी झारखंड में एमएमडीआर बिल लागू नहीं होने देगी। उन्होंने बताया कि 26 सितंबर को कांग्रेस द्वारा लोक भवन घेराव का कार्यक्रम प्रस्तावित है।अंत में मंत्री ने दोनों टीमों को बधाई देते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आयोजन को लेकर क्षेत्र में उत्साह बना रहा।

## पहाड़िया महिलाओं के नेतृत्व में मजबूत हुआ उत्पादक समूह



**गोड्डा ।** पहाड़िया स्वावलंबन परियोजना के अंतर्गत पहाड़िया महिला एकता कृषक उत्पादक कंपनी लिमिटेड की वार्षिक आमसभा शुक्रवार को लिट्टीपाड़ा प्रखंड के दुमगो गांव में आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन बदलाव फाउंडेशन द्वारा ट्रांसफॉर्म ट्रेड के सहयोग से किया गया। ज्ञात हो कि पहाड़िया महिला एकता कृषक उत्पादक कम्पनी लिमिटेड का कार्यालय गोड्डा जिला मुख्यालय में भी स्थित है जो जिला के विभिन्न प्रखंडों सहित गोड्डा जिला से बाहर निकलकर अन्य जिला में भी सभी पहाड़िया महिलाओं को स्वावलंबी बनाने का कार्य लगातार कर रही है। वहीं आज के इस वार्षिक आमसभा में 50 गांवों से लगभग 600 महिला शेयरधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिला उत्पादक कंपनी की पिछले वर्ष की उपलब्धियों, कार्यप्रगति, वित्तीय स्थिति, विपणन गतिविधियों तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी शेयरधारकों के सामने रखना और सामुदायिक संस्था को और मजबूत बनाने के लिए सामूहिक चर्चा करना था। कार्यक्रम के दौरान कंपनी की पिछले वर्ष की कार्यप्रगति, लेखा-परीक्षा रिपोर्ट, आय-व्यय का ब्योरा, विपणन से संबंधित जानकारी तथा वित्तीय वर्ष 2026-27 की कार्ययोजना प्रस्तुत की गई।

## थाना प्रभारी ने की लंबित कांडो की समीक्षा

**मंडरो ।** मिर्जाचौकी थाना परिसर में शुक्रवार को थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव की अध्यक्षता में थाना दिवस का आयोजन किया गया.इस अवसर पर थाना के सभी पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में थाना में दर्ज मामलों की बारी बारी से समीक्षा किया गया. जिसमें कांडों की अनुसंधान से संबंधित जानकारी ली गई.वहीं कहा गया कि लंबित केस के मामले को जल्द निष्पादन किया जाएं. मौके पर एसआई प्रवीण कुमार प्रभाकर,सन्नो टुडू,एएसआई कृष्णा सिंह,पवन कुमार,अमित कुमार,विलशन हांसदा, शिवलाल मरांडी,जेकब बेसरा सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे.

## मोदी के जन्मदिवस पर भाजयुमो का रक्तदान शिविर

**जामताड़ा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से जिलाध्यक्ष कुणाल सिंह के नेतृत्व में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं ने रक्तदान कर सामाजिक सेवा का संदेश दिया।भाजयुमो प्रदेश महामंत्री मनीष दुबे ने कहा कि प्रधानमंत्री के जन्मदिवस से 17 अक्टूबर तक देशभर में सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में प्रदेश अध्यक्ष शशांक के नेतृत्व में राज्यभर में रक्तदान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के सेवा भाव से प्रेरित होकर युवा कार्यकर्ता समाजहित में योगदान दे रहे हैं।कार्यक्रम संयोजक सह जिला महामंत्री कमलेश मंडल ने बताया कि अभियान के दौरान विभिन्न सेवा गतिविधियां जारी रहेंगी। मौके पर डॉ. नीलेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष मोहन शर्मा, नगर अध्यक्ष प्रदीप राउत, पूर्व जिला महामंत्री मितेश शाह, प्रवीण मिश्रा, आकाश साव और टिंकू साव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान

**जामताड़ा।** सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से फतेहपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने जागरूकता अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक, जामताड़ा के निर्देश पर आयोजित अभियान के दौरान वाहन चालकों एवं आम नागरिकों को सड़क सुरक्षा के प्रति सचेत किया गया।पुलिसकर्मियों ने लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, यातायात नियमों का पालन करने और सावधानीपूर्वक वाहन परिचालन करने की सलाह दी। दोपहिया वाहन चालकों को विशेष रूप से हेलमेट के नियमित इस्तेमाल के महत्व से अवगत कराया गया।अभियान के माध्यम से पुलिस ने नागरिकों से जिम्मेदारी के साथ सड़क पर चलने तथा स्वयं एवं अन्य राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की। अधिकारियों ने बताया कि यातायात नियमों के प्रति जागरूकता सड़क हादसों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। अभियान के दौरान आम लोगों से सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने का आग्रह किया गया।

## खेलों झारखंड प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा का किया प्रदर्शन



**कुंडहित (जामताड़ा) ।** खेलो झारखंड 2026-27 के अंतर्गत शुक्रवार को सिंहवाहिनी प्लस टू विद्यालय, कुंडहित के खेल मैदान में प्रखंड स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रखंड के विभिन्न उच्च विद्यालयों से पहुंचे छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिप सदस्य रीना मंडल, पूर्व जिप सदस्य भजहरी मंडल, शिक्षकों, बीआरसी कर्मियों एवं सीआरपी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद विभिन्न खेल स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।खेल प्रतियोगिता में छात्र -छात्राओं ने दौड़ प्रतियोगिता 100,200,400,800 ,1500 उंची कुद, लंबी कुद,गोला फेक, रीले दौड़,भाला फेक, डिस्कस थ्रो, कबड्डी, खो खो और वॉलीबॉल प्रतियोगिता कराया गया। जहां विभिन्न विद्यालय से छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं से कस्तुरबा बालिका विद्यालय के छात्राओं ने अच्छे प्रदर्शन किया।

## भारतवंशी चीतों की बढ़ती संख्या

दुर्लभ चीता परियोजना की सफलता अंततः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़ संकल्प और आत्मविश्वास की देन है। मोदी देश ही नहीं दुनिया के ऐसे विरल सोच वाले नेता हैं, जो एक साथ अनेक विषयों पर सोचने के साथ क्रियान्वयन तो करते ही हैं, प्रकृति, पर्यावरण और वन्य जीव संरक्षण भी उनके सोच के दायरे में। देश में चीता पुनर्वास परियोजना उनकी इसी दृष्टि का एक सफल कीर्तिमान है। मध्यप्रदेश जिले के श्योपुर जिले में स्थित कूनो आभ्यारण्य की धरती पर अफ्रीका से लाए चीतों का पालन-पोषण चार साल पहले आरंभ हुआ था, जो अब एक बड़े भारतवंशी चीतों के कुल में बदल गया है। अफ्रीका से लाए चीतों के जीवित रहने की दर अनुमान से ज्यादा बेहतर रही। इसी का परिणाम है कि भारत में जन्म लेने वाले चीता शावकों का वंश लगातार बढ़ रहा है। कूनो में जन्मी मादा चीताएं अनेक बार मां बन चुकी हैं। इनसे जन्मे 19 शावक पूरी तरह स्वास्थ्य रहते हुए जंगली बाड़े में नटखट अठखेलियां करते हुए देखे जा सकते हैं। मानवीय निगरानी के बीच इनकी वृद्धि शत-प्रतिशत आंकी गई है। मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर 2022 को कूनो में नमीबियाई चीतों को छोड़ने के साथ इनके पुनर्वास की पहल हुई थी। वर्तमान में यहां चार मादाओं के 19 शावक उछलकूद मचाए हुए हैं।भारत की धरती पर अब तक 49 चीतों का जन्म हो चुका है, जिनमें से 32 जीवित हैं। यानी कूनो में चीतों के जीवित रहने की दर 65.3 प्रतिशत है, जबकि इनके मूल निवास स्थल अफ्रीकी जंगलों में प्राकृतिक रूप से महज 5 से 10 प्रतिशत शावक ही व्यस्क होने का सुख भोग पाते हैं। यहां ऐसा इसलिए संभव हो पाया क्योंकि वनकर्मी अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से कर रहे हैं। दरअसल, कूनो का प्रबंधन बाहरी हस्तक्षेप से लगभग मुक्त है। इसीलिए यह वन प्रांत अफ्रीकी देशों से लाए गए चीतों के वंश के महाद्वीप में बदलता जा रहा है। यहां के वातावरण से अफ्रीका के वातावरण को भिन्न एवं प्रतिकूल माना जा रहा था, किंतु अब चीतों की संख्या में वृद्धि ने जता दिया है कि कूनो के जंगल का परिवेश इन चीतों के रहवास हेतु अनुकूलन रच रहा है। यह प्रकृति की ही देन है। प्रदेश के जंगलों में बाघ, तेंदुए और स्याहगोश तो पूर्व से ही हैं, अब बिल्ली प्रजाति का चीता भी यहां के आभ्यारण्यों में देखा जाने लगा है। प्रदेश के ही गांधी सागर आभ्यारण्य में भी चीते छोड़े गए हैं लेकिन यहां इनकी फिलहाल वंशवृद्धि शुरू नहीं हुई है। हालांकि चीता शावकों के जन्म को लेकर यह विडंबना देखने में आ रही है कि जो चीते बाड़े में जन्म लेते हैं, उनके जीवित रहने की दर तो उत्तम है, किंतु खुले जंगल में जन्मे ज्यादातर चीते जिंदा नहीं रह पा रहे हैं। कूनो में जन्मी मादा केजीपी-12 ने 11 अप्रैल 2026 को खुले जंगल में चार शावकों को जन्म देकर इतिहास रचा था। यह भारत में जन्मी किसी मादा द्वारा वन में प्राकृतिक प्रसव का पहला मामला था लेकिन एक महीने के भीतर 12 मई को चारों शावक मृत पाए गए। इसके बाद छह जून को इनकी मां का भी निधन हो गया। ये मौतें कैसे हुईं, यह रहस्य ही बना हुआ है।नमीबिया से लाए गए आठ चीतों को मध्य प्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में प्रधानमंत्री ने छोड़ा था। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका से 12 चीते और लाकर छोड़े गए थे। नई धरती और जलवायु परिवर्तन के चलते इन चीतों को आरंभ में यहां के मौसम से तालमेल बिठाने में दिक्कतें आईं।

# संताल परगना की माटी, समाज और सरोकारों का अखबार



डॉ.सुमन सिंह

19 सितंबर का दिन संताल परगना की पत्रकारिता के लिए एक खास दिन है। दुमका से प्रकाशित द्विभाषीय हिंदी-संताली दैनिक %संताल एक्सप्रेस% अपने प्रकाशन के नौवें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। यह केवल किसी अखबार की वर्षगांठ नहीं, बल्कि उस पत्रकारिता यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव है, जिसने संताल परगना के सामाजिक, सांस्कृतिक और जनसरोकारों को हिंदी और संताली,दोनों भाषाओं में एक साथ सामने लाने का प्रयास किया है।

किसी नए अखबार को शुरू करना आसान नहीं होता। खासकर ऐसे क्षेत्र में, जहां स्थापित मीडिया संस्थानों के बीच अपनी पहचान बनाना चुनौतीपूर्ण होता है। संस्थापक प्रधान संपादक अशोक कुमार जी ने सीमित संसाधनों के बावजूद जिस संकल्प और संघर्ष के साथ इस अखबार की नींव रखी, वह अपने आप में प्रेरणादायी कहानी है। स्थापना काल से ही उनके संघर्षों में साथ रहने का अवसर मुझे मिला है। इसलिए इस यात्रा को मैंने केवल एक पत्रकार के रूप में नहीं, बल्कि एक सहभागी के रूप में भी देखा है।

इस अखबार की सबसे महत्वपूर्ण विशेषताओं में से एक इसका द्विभाषीय स्वरूप है। संताल परगना की सामाजिक संरचना और सांस्कृतिक पहचान में संताली भाषा का विशेष महत्व है। हिंदी के साथ संताली को अखबार की पत्रकारिता का अभिन्न हिस्सा बनाना इस दिशा में महत्वपूर्ण पहल रही है। स्थानीय संपादक और वरिष्ठ संताली साहित्यकार चुंडा सोरेन 'सिपाही' जी जैसे साहित्य और भाषा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व का जुड़ाव इस प्रयास को विशेष मजबूती देता है। उनके अनुभव और संताली भाषा-साहित्य के प्रति गहरी प्रतिबद्धता से अखबार के संताली स्वरूप को व्यापक आधार मिला है।

इससे संताली भाषी पाठकों को अपनी भाषा में समाचार और विचार पढ़ने का अवसर मिला, वहीं हिंदी पाठकों को भी संताल समाज की भाषा, संस्कृति, परंपरा और समस्याओं को अधिक करीब से समझने का माध्यम मिला।इसका सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि भाषा केवल संचार का माध्यम नहीं रही, बल्कि समाज को जोड़ने का माध्यम बनी। इस अखबार की उपयोगिता केवल सामान्य पाठकों तक सीमित नहीं है। संताली भाषा और साहित्य पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के लिए भी यह एक उपयोगी मंच बना है। उन्हें संताली में प्रकाशित समाचार, सामाजिक-सांस्कृतिक सामग्री,



साहित्यिक अभिव्यक्तियों और समसामयिक विषयों से परिचित होने का अवसर मिलता है।

किसी भी भाषा के विकास में उसके नियमित सार्वजनिक प्रयोग की बड़ी भूमिका होती है। जब विद्यार्थी अपनी भाषा को अखबार जैसे व्यापक माध्यम में पढ़ते हैं तो उनके शब्द-भंडार, भाषा-बोध और समसामयिक विषयों पर अभिव्यक्ति की क्षमता को भी लाभ मिलता है। संताली भाषा के विद्यार्थियों के लिए यह सामग्री अध्ययन और संदर्भ के स्तर पर भी उपयोगी हो सकती है।इस दृष्टि से यह अखबार केवल समाचार पत्र नहीं, बल्कि संताली भाषा के सार्वजनिक विस्तार और नई पीढ़ी से उसके जुड़ाव का एक माध्यम भी है।

संताल परगना की पत्रकारिता का वास्तविक चेहरा उसके गांवों, प्रखंडों और दूरदराज के इलाकों में दिखाई देता है। यहां की समस्याएं केवल जिला मुख्यालय की खबरें नहीं हैं। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, रोजगार, वनाधिकार, जमीन, कृषि, आदिवासी समाज, स्थानीय बाजार और पंचायत स्तर के विकास कार्य आम लोगों के जीवन से सीधे जुड़े सवाल हैं।%संताल एक्सप्रेस% ने इन मुद्दों को लगातार जगह देकर स्थानीय पत्रकारिता को मजबूत करने का प्रयास किया है। पत्रकारिता का यह सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व है कि जिनकी आवाज दूर तक नहीं पहुंचती, उनकी आवाज को एक मंच देना।

संताल परगना जैसे क्षेत्र में इस भूमिका का महत्व और बढ़ जाता है। यहां अखबार की खबर कई बार केवल सूचना नहीं रहती, बल्कि समस्या के समाधान की प्रक्रिया को गति देने वाला माध्यम बन जाती है।

स्थानीय पत्रकार जब अपने क्षेत्र की समस्या को स्वयं देखते, समझते और रिपोर्ट करते हैं तो समाचार में जमीनी हकीकत दिखाई देती है। यही स्थानीय पत्रकारिता की सबसे बड़ी ताकत है।

हम गुजरे सफर को पीछे मुड़कर देखें तो हमारे अनेक संघर्ष, चुनौतियां और उपलब्धियां दिखाई देती हैं। लेकिन किसी भी अखबार की वास्तविक भूमिका केवल उसके प्रसार या पाठकों की संख्या से तय नहीं होती। उसकी सार्थकता इस बात से भी तय होती है कि वह अपने समाज के कितने करीब है और लोगों के कितने काम आता है।

आज यह अखबार हिंदी के साथ-साथ संताली पाठकों के बीच भी अपनी पहचान बना चुका है। यह उपलब्धि किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि संपादकीय टीम, संवाददाताओं, कर्मचारियों, पाठकों और उन सभी लोगों की सामूहिक यात्रा है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में इस प्रयास पर विश्वास बनाए रखा। स्थापना काल से इस यात्रा का सहभागी होने के नाते मेरे लिए यह वर्षगांठ व्यक्तिगत रूप से भी विशेष है। मैंने संस्थापक प्रधान संपादक अशोक कुमार जी को इस अखबार को स्थापित करने के लिए संघर्ष करते देखा है। उनके साथ कदम मिलाकर इस यात्रा में शामिल रहने का अवसर मेरे लिए पत्रकारिता जीवन का महत्वपूर्ण अनुभव रहा है। संताल परगना तेजी से बदल रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, उद्योग, पर्यटन, कृषि, खनिज संसाधन, आदिवासी अधिकार, पर्यावरण और क्षेत्रीय विकास से जुड़े नए सवाल सामने आ रहे हैं। इनके बीच स्थानीय पत्रकारिता की जिम्मेदारी भी बढ़ रही है। आने वाले वर्षों में उम्मीद है कि संताल एक्सप्रेस अखबार और अधिक निर्भीकता, निष्पक्षता और जनसरोकार के साथ अपनी भूमिका निभाएगा। हिंदी और संताली दोनों भाषाओं के पाठकों को साथ लेकर यह यात्रा संताल परगना की आवाज को और व्यापक मंच प्रदान करेगी।स्थापना दिवस पर अखबार से जुड़े सभी साथियों, पाठकों, संवाददाताओं और शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।

## पाकुड़ की खबरें

### मालगोदाम रोड पर एटीवीएम का शुभारंभ

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**



पाकुड़। रेल यात्रियों की लंबे समय से चली आ रही मांग को देखते हुए पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल के मालगोदाम रोड स्थित रेलवे परिसर में नवनिर्मित ऑटोमेटिक टिकट वेंडिंग मशीन (एटीवीएम) का शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। एटीवीएम का उद्घाटन स्टेशन प्रबंधक, पूर्व रेलवे पाकुड़ लखीराम हेम्ब्रम एवं वार्ड पार्षद निभा देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर किया। उद्घाटन के बाद एटीवीएम से पहला टिकट अफजल शेख ने पाकुड़ से राजग्राम की यात्रा के लिए प्राप्त किया। इस दौरान वाणिज्य पर्यवेक्षक जी. सिकंदर मंडल, मुख्य टिकट निरीक्षक अखिलेश कुमार चौबे, वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (दूरसंचार) पाकुड़ संजय कुमार ओझा, वरिष्ठ विद्युत अनुभाग अभियंता राजू कुमार, संतोष ठाकुर एवं दयाशंकर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में रेल यात्री और आमजन मौजूद थे।स्टेशन प्रबंधक लखीराम हेम्ब्रम ने कहा कि स्टेशन के पूर्वी हिस्से में रहने वाले नागरिकों और रेल यात्रियों की ओर से लंबे समय से इस क्षेत्र में टिकट सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की जा रही थी। यात्रियों की सुविधा को देखते हुए मालगोदाम रोड पर एटीवीएम की सुविधा शुरू की गई है। इससे यात्रियों को मुख्य टिकट काउंटर तक जाने और लंबी कतार में खड़े होने की परेशानी से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि रेलवे का उद्देश्य यात्रियों को सरल, सुगम और सुविधाजनक टिकट सेवा उपलब्ध कराना है।वार्ड पार्षद निभा देवी ने कहा कि मालगोदाम रोड पर एटीवीएम की सुविधा शुरू होने से इसका लाभ पाकुड़ नगर परिषद क्षेत्र के करीब नौ वार्डों तथा आसपास की लगभग 20 पंचायतों के लोगों को मिलेगा। अब यात्रियों को टिकट लेने के लिए प्लेटफॉर्म पार कर मुख्य टिकट काउंटर तक जाने और कतार में खड़े होने की आवश्यकता नहीं होगी।

### आस्था और उल्लास के साथ मनी विश्वकर्मा पूजा, प्रतिष्ठानों में हुई विशेष पूजा-अर्चना

संताल एक्सप्रेस संवाददाता



पाकुड़। जिलेभर में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा की पूजा श्रद्धा और उत्साह के साथ मनायी गयी। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सुबह से ही पूजा को लेकर चहल-पहल रही। बिजली उपकेंद्रों, पत्थर क्रशर इकाइयों, कारखानों, मोटर गैराज, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और कोयला कंपनियों में विधि-विधान के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना की गयी।कई स्थानों पर आकर्षक पंडाल तैयार कर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गयी थी। पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के बीच पूजा संपन्न करायी। पूजा को लेकर प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों और संचालकों में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने अपने वाहनों, मशीनों और अन्य उपकरणों की भी पूजा की।पाकुड़ शहर स्थित बिजली विभाग के उपकेंद्र में भव्य पंडाल बनाकर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित की गयी। यहां विभाग के अधिकारी और कर्मचारी पूजा में शामिल हुए। इसके अलावा शहर के विभिन्न स्थानों, मोटर गैराज, मालपहाड़ी क्षेत्र की क्रशर इकाइयों, रेलवे स्टेशन यार्ड और भगत सिंह चौक स्थित विश्वकर्मा मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की।विश्वकर्मा पूजा को लेकर बाजारों में भी विशेष चहल-पहल रही।

### आधार लिंक कराने के नाम पर साइबर ठगी, खाते से 4.48 लाख रुपये उड़ाए

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता महेशपुर (पाकुड़)**। थाना क्षेत्र के बिरकिट्टी गांव निवासी महरूम शेख साइबर ठगी का शिकार हो गए। ठग ने खुद को बैंक ऑफ इंडिया का अधिकारी बताकर आधार लिंक कराने और वरिष्ठ नागरिक कार्ड से भुगतान कराने की बात कही। इसके बाद उनके बैंक खाते से सात बार में कुल 4 लाख 48 हजार 348 रुपये की निकासी कर ली गयी। पीड़ित ने महेशपुर थाना में दिए आवेदन में बताया कि 14 सितंबर 2026 को उनके मोबाइल पर 9239139365 नंबर से फोन आया था। फोन करने वाले ने खुद को बैंक ऑफ इंडिया का पदाधिकारी बताते हुए कहा कि उनके खाते में आधार लिंक नहीं है और वरिष्ठ नागरिक कार्ड के माध्यम से भुगतान कराया जा रहा है। बातचीत के दौरान ठग ने उन्हें अपने झांसे में ले लिया। पीड़ित के अनुसार, कुछ समय बाद उनके बैंक ऑफ इंडिया के बिरकिट्टी शाखा स्थित खाते से सात अलग-अलग लेनदेन में 4,48,348 रुपये निकाल लिये गये। खाते से राशि कटने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने तत्काल बैंक प्रबंधक को इसकी सूचना दी। बैंक की जांच में उन्हें बताया गया कि खाते से किसी अन्य व्यक्ति द्वारा राशि निकाल ली गयी है।इसके बाद पीड़ित ने महेशपुर थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी। आवेदन के आधार पर पुलिस ने महेशपुर थाना कांड संख्या 159/26, दिनांक 16 सितंबर 2026 दर्ज किया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता की सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की धारा 66, 66सी और 66डी के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस जांच में जुट गयी है।

# रक्तदान महादान से बचाई जा सकती है जरूरतमंद की जिंदगी : डीसी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**




पाकुड़। जिला प्रशासन एवं जिला स्वास्थ्य समिति के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को रक्त अधिकोष पाकुड़ में विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में पदाधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों सहित कुल 72 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया।उपायुक्त ने कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान से किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। उन्होंने जिलावासियों से स्वस्थ एवं योग्य लोगों से बढ़-चढ़कर स्वैच्छिक रक्तदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिले में पर्याप्त रक्त उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है, ताकि दुर्घटना, गंभीर बीमारी या आपात स्थिति में मरीजों को समय पर रक्त मिल सके।उपायुक्त ने बताया कि अब जिला एवं प्रखंड स्तर पर नियमित रूप से रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे। सितंबर में 18, 24 और 28 सितंबर को विशेष रक्तदान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।शिविर में रेड क्रॉस के सचिव डॉ. कुणाल कुमार सिंह, डीपीएम दीपक कुमार, प्रभारी डीपीएम ई-पंचायत आनंद प्रकाश, विभिन्न थानों के प्रभारी एवं पुलिस पदाधिकारी-जवान, पुलिस एसोसिएशन के सदस्य, स्वास्थ्य विभाग के कर्मी, इंसानियत फाउंडेशन के सदस्य तथा अन्य कर्मचारियों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया रक्तदाताओं को प्रमाण-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया और मानव सेवा में उनके योगदान की सराहना की। जिला प्रशासन ने आम लोगों से रक्तदान के लिए आगे आने तथा जरूरतमंदों की जिंदगी बचाने में सहभागी बनने की अपील की।

### विद्यालयों में पत्रकारों की रिपोर्टिंग को लेकर उठे सवाल, डीसी से मिला पत्रकारों का प्रतिनिधिमंडल



**पाकुड़।** सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों में बाहरी लोगों के प्रवेश तथा विद्यालय से संबंधित सूचना और तस्वीरें उपलब्ध कराने को लेकर जिला शिक्षा विभाग के जारी निर्देश के बाद पत्रकारों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसी मामले को लेकर शुक्रवार को स्थानीय पत्रकारों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त के माध्यम से राज्यपाल के नाम भी ज्ञापन भेजकर मामले में आवश्यक पहल की मांग की।दरअसल, 15 सितंबर को जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखंड शिक्षा परियोजना, पाकुड़ की ओर से जिले के कक्षा एक से 12वीं तक संचालित सभी सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और प्रभारी प्रधानाध्यापकों को निर्देश जारी किया गया था। इसमें विद्यालय परिसर में बाहरी लोगों के अनधिकृत प्रवेश पर रोक लगाने तथा बिना अनुमति विद्यालय से संबंधित आंकड़े, ब्यौरा अथवा तस्वीर उपलब्ध नहीं कराने का निर्देश दिया गया है। आदेश की पुष्टि शिक्षा विभाग की ओर से भी की गयी है। पत्रकारों ने उपायुक्त को बताया कि विद्यालयों में मध्याह्न भोजन, शिक्षकों की अनुपस्थिति, जर्जर भवन, पेयजल, शौचालय, बिजली, पढ़ाई सहित जनहित से जुड़े मामलों की वास्तविक स्थिति सामने लाना पत्रकारिता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे में विद्यालयों की जमीनी स्थिति की रिपोर्टिंग को लेकर स्पष्टता जरूरी है।पत्रकारों के अनुसार उनका उद्देश्य किसी विद्यालय या शिक्षा व्यवस्था को बदनाम करना नहीं, बल्कि जनहित से जुड़े वास्तविक मामलों को सामने लाकर संबंधित विभाग और प्रशासन के संज्ञान में लाना है।मामले में उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि स्थानीय अधिकृत पत्रकारों के लिए विद्यालयों में रिपोर्टिंग को लेकर कोई रोक नहीं है। उन्होंने बताया कि दूसरे जिले के एक विद्यालय से जुड़ी घटना को पाकुड़ के विद्यालय से संबंधित बताकर प्रस्तुत किए जाने का मामला सामने आया था। इसी तरह की स्थिति को देखते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी की ओर से विद्यालयों में बाहरी लोगों के प्रवेश और सूचना उपलब्ध कराने को लेकर निर्देश जारी किया गया है।पत्रकारों ने ज्ञापन के माध्यम से विद्यालयों की सुरक्षा एवं अनुशासन व्यवस्था के साथ पारदर्शिता और स्वतंत्र पत्रकारिता के बीच संतुलन बनाए रखने की मांग की। साथ ही मामले में आवश्यक संज्ञान लेने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल में प्रीतम सिंह यादव, सतनाम सिंह, सुदीप त्रिवेदी, बलराम ठाकुर, सन्नी दत्ता सहित अन्य स्थानीय पत्रकार मौजूद थे।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव, परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने से किया इनकार

हिरणपुर (पाकुड़)। थाना क्षेत्र के पेनम कोयला रोड के समीप पचोतला गांव में गुरुवार को एक 18 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका मिला। मृतक की पहचान महेशपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर टोला निवासी लखीराम हांसदा (18) के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार, लखीराम हांसदा अपनी बहन मुनि हांसदा के घर मालपहाड़ी थाना क्षेत्र के छोटा मोहलन गांव आया हुआ था। इसी दौरान पचोतला गांव के पास ग्रामीणों ने उसका शव पेड़ से लटका देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही हिरणपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक की बहन एवं अन्य परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव की पहचान की। परिजनों ने पुलिस को बताया कि लखीराम मानसिक रूप से अस्वस्थ था तथा उसका इलाज चल रहा था।पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने की प्रक्रिया शुरू की, लेकिन परिजनों ने जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। इस संबंध में परिजनों ने पुलिस को लिखित आवेदन भी सौंपा। थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि पुलिस एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में आवश्यक पंचनामा तैयार किया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की आवश्यक प्रक्रिया पूरी कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

### भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन

हिरणपुर (पाकुड़)गणेश उत्सव के उपलक्ष्य में सार्वजनिक गणेश पूजा समिति की ओर से गुरुवार को डाकबंगला परिसर में भक्ति जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक भगत, बीडीओ टुडू दिलीप, सीओ मनोज कुमार, एसआई गौतम दास, नारायण भगत, रविन्द्र भगत, माधव शील, दीपक साहा, धनंजय दास आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जागरण कार्यक्रम में बंगाल एवं झारखंड से पहुंचे कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को देर रात तक भक्ति के रंग में सराबोर रखा। गायक अभिषेक कुमार, मानसी तिवारी एवं आदर्शी सिन्हा ने एक से बढ़कर एक भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। कलाकारों की शानदार प्रस्तुति पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। पूरे परिसर में गणपति बप्पा के जयकारों से माहौल भक्तिमय बना रहा।

### श्रीमद्भागवत कथा के चौथा दिन

पाकुड़। बजरंग युवा क्लब धोवाडांगा के प्रांगण में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का भव्य एवं भक्तिमय आयोजन किया गया। कथा व्यास श्री सत्यम जी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। जैसे ही कथा में श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग आया, पूरा कथा पंडाल नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की÷ और जय श्रीकृष्ण के जयघोष से गूंज उठा।कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर कथा स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की मनमोहक झांकी प्रस्तुत की गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उत्साहपूर्वक जन्मोत्सव में भाग लिया और भक्ति गीतों पर झूमते हुए भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की खुशी मनाई।कथा व्यास श्री सत्यम जी महाराज ने कहा कि जब-जब संसार में अधर्म बढ़ता है और धर्म की हानि होती है, तब भगवान विभिन्न रूपों में अवतरित होकर धर्म की स्थापना करते हैं।

### गांजा के साथ 65 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

संताल एक्सप्रेस संवाददातापाकुड़। मुफ्फसिल थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए फतेहपुर गांव में छापेमारी कर 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने मौके से 65 वर्षीय मंजूर शेख को गिरफ्तार किया है। बरामद गांजे की अनुमानित कीमत 35 से 40 हजार रुपये बतायी गयी है।पुलिस के अनुसार, आरोपी के घर में संचालित दुकान से गांजे के अलावा 2640 रुपये नकद, लोहे का तराजू, चिलम, लाइटर, स्टील की कैंची और पॉलिथीन बैग बरामद किए गए हैं।एसडीपीओ कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि फतेहपुर गांव में मंजूर शेख की दुकान से अवैध रूप से गांजा और अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री की जा रही है। सूचना के बाद पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया। टीम ने पहले सूचना का सत्यापन करते हुए आवश्यक जानकारी जुटायी। इसके बाद दंडाधिकारी की मौजूदगी में मंजूर शेख के घर स्थित दुकान में छापेमारी की गयी। तलाशी के दौरान गांजा समेत बिक्री में इस्तेमाल होने वाली सामग्री और नकदी बरामद हुई। पुलिस ने मंजूर शेख को गिरफ्तार कर लिया।मुफ्फसिल थाना में मामले को लेकर कांड संख्या 132/26 दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के शमशेरगंज थाना क्षेत्र के भसाईपाईकर गांव निवासी साहब शेख उसे गांजा उपलब्ध कराता था। मंजूर शेख गांजा खरीदकर अन्य विक्रेताओं को बेचता था। पुलिस अब गांजा आपूर्ति करने वाले साहब शेख समेत पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाने में लगी है।

### मोबाइल मेडिकल यूनिट शुरू



पाकुड़। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर पचवाड़ा नॉर्थ कोल माइंस क्षेत्र के विस्थापित एवं प्रभावित ग्रामीणों को घर के समीप स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को मोबाइल मेडिकल यूनिट की शुरुआत की गयी। अमड़ापाड़ा के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता और अंचल अधिकारी औसाफ अहमद खान ने संयुक्त रूप से इसका उद्घाटन किया।पश्चिम बंगाल पावर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से उपलब्ध करायी गयी इस मोबाइल चिकित्सा इकाई के माध्यम से परियोजना से प्रभावित नौ गांवों में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सप्ताह में दो दिन स्वास्थ्य सेवाएं दी जायेंगी। यूनिट में एक एमबीबीएस चिकित्सक और दो नर्स तैनात रहेंगी।मोबाइल यूनिट में रक्त शर्करा जांच, मोबाइल पैथोलॉजी, ईसीजी, भ्रूण हृदय जांच यंत्र, कान की जांच के लिए ऑटोस्कोप, ऑक्सीजन सिलेंडर सहित मलेरिया, डेंगू और टाइफाइड की जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इसके अलावा आवश्यक दवाइयां भी ग्रामीणों को निःशुल्क दी जायेंगी।उद्घाटन के दौरान बीडीओ प्रमोद कुमार गुप्ता ने स्वयं रक्त शर्करा की जांच कराकर स्वास्थ्य सेवा की शुरुआत की। मौके पर महाप्रबंधक रामाशीष चटर्जी, माइंस प्रबंधक महेश कुमार, सहित कई बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

महेशपुर (पाकुड़)। थाना क्षेत्र में गुरुवार को 56 वर्षीय महिला द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। मृतका की पहचान महेशपुर निवासी सुषमा घोष (56) के रूप में हुई है। वह स्व. रामनाथ घोष की पत्नी थीं।मृतका के भाई अजय घोष (40) ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि उसकी बहन मानसिक रूप से अस्वस्थ थीं। परिजनों के अनुसार, सुषमा घोष ने घर के समीप स्थित बेर के पेड़ में रस्सी के सहारे फांसी लगा ली।घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### शादी का झांसा देकर यौन शोषण और ब्लैकमेल, आरोपी को सात साल की सजा

पाकुड़। शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण करने और फोटो-वीडियो के माध्यम से ब्लैकमेल करने के मामले में पाकुड़ अदालत ने आरोपी को सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। अदालत ने आरोपी जोहर आलम पर 50 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड की राशि जमा नहीं करने पर उसे एक वर्ष का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।मामला मालपहाड़ी थाना कांड संख्या 189/2025 से संबंधित है। सुनवाई के दौरान मामले से जुड़े साक्ष्यों और पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने जोहर आलम को दोषी करार देते हुए यह सजा सुनायी।अदालत के फैसले के बाद आरोपी को निर्धारित सजा भुगतने के लिए जेल भेज दिया गया। मामले में आगे की कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

## देवघर के डॉ विजय शंकर को मिला भारतेन्दु साहित्य रत्न सम्मान



**देवघर।** एलबीएसएम महाविद्यालय, जमशेदपुर के बहुद्देशीय सभागार में शुक्रवार को हिन्दी पखवाड़ा के तहत भारतेन्दु साहित्य उत्सव का आयोजन किया गया। अखिल भारतीय साहित्य परिषद, झारखंड प्रांत और कला साहित्य परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार सत्रों के कार्यक्रम में साहित्य के क्षेत्र में योगदान के लिए देवघर के डॉ विजय शंकर को भारतेन्दु साहित्य रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस वर्ष यह सम्मान तीन साहित्यकारों को प्रदान किया गया। इनमें रांची की डॉ राजश्री जयन्ती, जमशेदपुर के डॉ अशोक कुमार अविचल और देवघर के डॉ विजय शंकर शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान देवघर की दो कवयित्रियों की पुस्तकों का भी लोकार्पण किया गया। सोनम झा की पुस्तक स्वयं की तलाश और रचना झा की रचना नीम तले बुझती लौ का लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद, झारखंड प्रांत के अध्यक्ष डॉ अशोक कुमार सिंह ने की। मुख्य अतिथि वैभव मणि त्रिपाठी और सम्मानित अतिथि विमल जालान रहे। मंच संचालन प्रोफेसर विनोद कुमार ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ विनय कुमार गुप्ता ने किया।

## सिकटिया में एसआईआर का कार्य तेज



**मधुपुर।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर मधुपुर प्रखंड क्षेत्र के सिकटिया में इन दिनों कार्य तेजी से चल रहा है. संबंधित बीएलओ एवं कर्मी क्षेत्र में मतदाताओं से संपर्क कर आवश्यक जानकारी एवं दस्तावेजों का सत्यापन करने में जुटे हैं. एसआईआर कार्य के दौरान मतदाताओं के नाम, पते तथा पूर्व की मतदाता सूची से संबंधित विवरण का मिलान किया जा रहा है. इसके साथ ही जिन मतदाताओं के आवेदन या विवरण में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा कमी पाई जा रही है, उन्हें आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने एवं संबंधित प्रक्रिया पूरी करने की जानकारी दी जा रही है. सिकटिया क्षेत्र में चल रहे इस अभियान के तहत कर्मियों द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करने के साथ-साथ आवश्यक प्रपत्रों की जांच की जा रही है. अधिकारियों द्वारा भी कार्य की प्रगति पर नजर रखी जा रही है, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर सत्यापन का कार्य पूरा किया जा सके. इस प्रक्रिया को लेकर मतदाताओं से भी सहयोग की अपील की गई है. संबंधित कर्मियों द्वारा मांगी गई जानकारी सही-सही उपलब्ध कराने तथा आवश्यक दस्तावेज समय पर जमा करने को कहा गया है. प्रशासन का उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाना है, ताकि पात्र मतदाताओं का विवरण सही रूप से दर्ज रहे और किसी प्रकार की परेशानी न हो.

## धूमधाम से हुई भगवान विश्वकर्मा की पूजा



**मधुपुर।** प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिल्प एवं निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना गुरुवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ की गई. विश्वकर्मा पूजा को लेकर औद्योगिक प्रतिष्ठानों, रेलवे कार्यालयों, बिजली विभाग तथा विभिन्न गैराजों में दिनभर उत्सवी माहौल बना रहा.पटवाबाद पावर स्टेशन, जगदीशपुर स्थित स्लीपर फैक्ट्री, राधा ग्लास, बिजली कार्यालय, बस स्टैंड, रेलवे के आईडब्ल्यू, पीडब्ल्यूआई, लोको कार्यालय, टीआरडी, कैरेज एंड वैगन, रेलवे बिजली कार्यालय, पोल फैक्ट्री सहित इलेक्ट्रॉनिक दुकानों समेत विभिन्न गैराजों एवं क्रशर मशीनों में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा की गई.

## चलती ट्रेन से उतरने के प्रयास में यात्री घायल

**मधुपुर।** रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेल पुलिस की तत्परता से गुरुवार की रात चलती ट्रेन से उतरने के प्रयास में गंभीर रूप से घायल एक यात्री को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया. घटना गुरुवार की रात्रि की है. जानकारी के अनुसार ट्रेन संख्या 05095 अप मधुपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या-2 पर प्रवेश कर रही थी. इसी दौरान एक यात्री जनरल कोच से ट्रेन के पूरी तरह रुकने से पहले उतरने का प्रयास किया, जिससे उसका संतुलन बिगड़ा वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच जा गिरा, जिससे उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आईं. घटना की सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ एवं ग्रुप जीआरपी कर्मियों ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घायल यात्री को बाहर निकाला और बिना विलंब किए निजी ऑटो के माध्यम से मधुपुर रेफरल अस्पताल भेजा. प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, देवघर रेफर कर दिया. रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों से अपील की है कि चलती ट्रेन से उतरने या चढ़ने का प्रयास न करें. ऐसी लापरवाही जानलेवा साबित हो सकती है.

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में धूमधाम से मनी विश्वकर्मा पूजा



**मधुपुर।** प्रखंड क्षेत्र के राजाभीठा स्थित मधुपुर पॉलिटेक्निक कॉलेज परिसर में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा की पूजा श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ धूमधाम से मनाई गई. इस अवसर पर कॉलेज के वर्कशॉप परिसर में भगवान विश्वकर्मा की तस्वीर स्थापित कर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई. पूजन कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जेपी केसरी मुख्य यजमान के रूप में शामिल हुए. इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक अमीय रंजन बड़जेना एवं उपनिदेशक आलोक कुमार सिंह ने सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं को विश्वकर्मा पूजा की शुभकामनाएं दीं. उन्होंने कहा कि भगवान विश्वकर्मा को निर्माण, तकनीक और शिल्प का देवता माना जाता है तथा यह पर्व सभी को मेहनत, कौशल और सृजनशीलता के प्रति प्रेरित करता है. पूजन कार्यक्रम में मुकुल सहाय, डॉ. रामचंद्र झा, रखाल पाल, सुरेंद्र कुमार, रवि पांडेय, अभय सिंह, जितेंद्र राणा, दशरथ राणा, सुरेंद्र सिंह, प्रिंस कुमार, संजय कुमार, गीता कुमारी, रोशनी कुमारी, सुमित्रा कुमारी, पीयूष विश्वकर्मा, धन्नू महतो, चक्रधर महतो, श्यामाकांत झा, सिराज आलम, सरफराज आलम, पवन कुमार, जयलाल पंडित,विकास मेहरा, निरंजन कुमार, साहिल रेहान एवं शहनवाज अशरफ सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे.

## नगर परिषद ने स्वच्छता ही सेवा का किया शुभारंभ



**मधुपुर।** नगर परिषद ने कार्यपालक पदाधिकारी सुरेंद्र किस्कू के निर्देश पर 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान का शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम में सफाई मित्रों, पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को ठोस कचरा प्रबंधन और स्वच्छता के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई. नोडल पदाधिकारी सुभाष हेम्ब्रम ने सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल-2026 के प्रावधानों और कचरे के उचित संग्रहण, पृथक्करण व निस्तारण की जानकारी दी. लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग रखने के लिए जागरूक करने पर जोर दिया गया. साथ ही वर्षा जल संचयन, जलस्रोतों एवं जल निकायों के संरक्षण की जानकारी दी गई. आरआरआर सेंटर के माध्यम से अनुपयोगी वस्तुओं को कम उपयोग, पुनः उपयोग और पुनर्चक्रण से उपयोगी बनाने की जानकारी दी गई. इसके बाद नगर परिषद की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई. अधिकारियों बताया कि अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा. इस दौरान विभिन्न स्वच्छता एवं जागरूगता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे.

### जनता दरबार में कई मामलों का समाधान

# चावाडीह में सड़क और गार्डवाल निर्माण में अनियमितता की जांच का निर्देश

### अधिकारियों को एक सप्ताह में रिपोर्ट देने को कहा



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** जिलेवासियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में शुक्रवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने भू-अर्जन व मुआवजा भुगतान, पेंशन, आवास, राशन कार्ड, झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना सहित विभिन्न मामलों से संबंधित शिकायतें रखीं। उपायुक्त ने लोगों की समस्याएं एक-एक कर सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मामलों की जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में राशन कार्ड में नाम जोड़ने, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना, पेंशन और राजस्व से जुड़े कई मामलों का संबंधित विभागों की ओर से मौके पर ही समाधान किया गया।

---

**चावाडीह में निर्माण कार्य की जांच का निर्देश**

जनता दरबार में प्रखंड देवघर के ग्राम पंचायत चावाडीह के लेड़वा सिंधो टोला भाया बंगरिया में मुख्यमंत्री सड़क और दो गार्डवाल के निर्माण में अनियमितता की शिकायत भी पहुंची। मामले को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त की निगरानी में जांच कराने का निर्देश दिया। जांच के बाद प्रगति प्रतिवेदन उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराने को कहा गया।

---

**24 घंटे में नल कनेक्शन का निर्देश**

मोहनपुर प्रखंड की सरसती पंचायत के लकड़ीगंज निवासी के आवेदन पर भी उपायुक्त ने संज्ञान लिया। उन्होंने संबंधित कार्यपालक अभियंता को हर घर नल योजना के तहत 24 घंटे के अंदर कनेक्शन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

इसके अलावा अनुकंपा से जुड़े मामलों का समय पर निष्पादन करने और भू-अर्जन से संबंधित मामलों के समाधान के लिए भी आवश्यक निर्देश दिए गए। जनता दरबार में आए अन्य शिकायतों को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित विभागों को आवेदनों की भौतिक जांच कर जल्द कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई की प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराएं, ताकि मामलों के निष्पादन की निगरानी की जा सके।

# हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर की लूटपाट

### चाकू और पिस्तौल का भय दिखाकर दी जान से मारने की धमकी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** देवीपुर थाना क्षेत्र के बिरनियां गांव में हथियारबंद नकाबपोश बदमाशों ने देर रात घर में घुसकर लूटपाट की। घटना 16 सितंबर की रात करीब दो बजे की बतायी गयी है। मामले में पीड़िता नीतू देवी के बयान पर देवीपुर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। प्राथमिकी के बाद पुलिस बदमाशों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए जांच में जुटी है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, रात करीब दो बजे छह से सात की संख्या में नकाबपोश बदमाश गेट और खिड़की खोलकर घर में घुस गये। बदमाशों के हाथों में चाकू, पिस्तौल और फरसा जैसे हथियार थे। घर में प्रवेश करते ही उन्होंने हथियार का भय दिखाकर पीड़िता और परिवार के सदस्यों को जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद बदमाशों ने घर में तोड़फोड़ करते हुए लूटपाट शुरू कर दी। इस दौरान पीड़िता और उनके बच्चे के गले से जेवर छीन लिये गये। वहीं, घर की आलमारी में रखे जेवरात भी बदमाशों ने निकाल लिये। बदमाश करीब 20 हजार रुपये नकद और करीब 90 हजार रुपये मूल्य के जेवरात लेकर फरार हो गये। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश धमकी देते हुए घर से निकल गये। जाते समय उन्होंने घटना की शिकायत करने पर अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। बदमाशों की पहचान और उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर जानकारी जुटा रही है।

## उत्तम आर्जव धर्म पर हुआ विशेष पूजन



**देवघर।** जैन समाज की ओर से आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में उत्तम आर्जव धर्म के अवसर पर विभिन्न पूजन-अनुष्ठान संपन्न हुए। प्रथम अभिषेक एवं शांतिधारा का सौभाग्य अजीत कुमार, बसंत कुमार, प्रदीप कुमार, राजेश कुमार, सुमित कुमार, अमित कुमार, उमंग कुमार एवं अक्षय कुमार को प्राप्त हुआ। इसके बाद सामूहिक आरती हुई। देव, शास्त्र, गुरु पूजन के साथ दशलक्षण पूजन, उत्तम आर्जव धर्म पूजन, स्वयंभू पाठ, कलिकुण्ड पारसनाथ पूजन एवं भगवान महावीर स्वामी पूजन पंडित प्रमोद जैन के सानिध्य में संपन्न हुआ।

## एयरपोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का एसपी ने लिया जायजा



**संवाददाता**

**देवघर।** देवघर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने गुरुवार को एयरपोर्ट परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी और ड्यूटी पर तैनात पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की स्थिति का जायजा लिया। एसपी ने पुलिसकर्मियों को सतर्कता, अनुशासन और बेहतर समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने सुरक्षा जांच व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने और एयरपोर्ट परिसर के संवेदनशील क्षेत्रों पर लगातार नजर रखने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान आकस्मिक परिस्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही एयरपोर्ट प्रबंधन और संबंधित सुरक्षा एजेंसियों के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखने को कहा गया, ताकि किसी भी स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था प्रभावी ढंग से संचालित की जा सके। निरीक्षण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय चंद्रशेखर समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी और कर्मी मौजूद रहे।

## फेसबुक अकाउंट के खिलाफ एफआईआर की मांग

### संत-महात्माओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप

• **समाजसेवी ध्रुव ने नगर थाना में दिया आवेदन**

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर संत-महात्माओं और सनातन धर्म से जुड़े धार्मिक विषयों को लेकर कथित तौर पर आपत्तिजनक सामग्री प्रसारित किए जाने के मामले में नगर थाना में शिकायत दी गई है। करनीबाग निवासी समाजसेवी ध्रुव प्रसाद साह ने कंचन सिन्हा नाम से संचालित फेसबुक अकाउंट के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। थाना प्रभारी को दिए आवेदन में ध्रुव प्रसाद साह ने आरोप लगाया है कि उक्त फेसबुक अकाउंट से पिछले कुछ दिनों से संत समाज और सनातन धर्म से जुड़े लोगों के संबंध में अशोभनीय और अपमानजनक टिप्पणियां करते हुए वीडियो और अन्य सामग्री प्रसारित की जा रही है। आवेदन के अनुसार, अकाउंट पर करीब 9.6 हजार फॉलोअर्स हैं और प्रोफाइल में दुर्गाचार्य साध्वी कंचन नाम का उल्लेख किया गया है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि फेसबुक पर प्रसारित कुछ वीडियो में कैलाशानंद गिरि, अवधेशानंद गिरी, रविंद्र पूरी, हरि गिरि, आचार्य प्रमोद कृष्णम और चक्रपाणी सहित अन्य संत-महात्माओं तथा अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के संबंध में आपत्तिजनक टिप्पणियां की गई हैं।

## पांचवें दिन भी नहीं टूटा गतिरोध, नवेली कोल कंपनी के खिलाफ चक्का जाम जारी

**ब्यूरो**

**गोपीकांदर।** आदिवासी-मूलवासी प्रभावित संघर्ष समिति की ओर से नवेली कोल कंपनी के खिलाफ शुरू किया गया अनिश्चितकालीन चक्का जाम शुक्रवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। आंदोलन के कारण कोयला खदान से जुड़े कामकाज के साथ डीजल टंकी, हाईवा, डोजरिंग मशीन और विस्फोटक वाहनों की गतिविधियां भी प्रभावित रहीं। समिति और प्रभावित रैयतों ने स्पष्ट किया है कि मांगों पर सकारात्मक पहल होने तक चक्का जाम जारी रहेगा। चक्का जाम के पांचवें दिन शुक्रवार को गोपीकांदर के बीडीओ सह सीओ विजय प्रकाश मरांडी, थाना प्रभारी



सुमित कुमार भगत तथा नवेली कोल कंपनी के पदाधिकारी व कर्मी प्रभावित ग्रामीणों से बातचीत के लिए ओड़मो जंगल टोला पहुंचे। यहां प्रशासन, कंपनी प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के बीच जमीन पर बैठकर करीब एक घंटे तक वार्ता हुई। अधिकारियों और कंपनी प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की मांगों को सुना, लेकिन मांगों पर सहमति नहीं बनने के कारण वार्ता बेनतीजा रही। समिति और ग्रामीणों ने कंपनी के समक्ष 12 सूत्री मांगें रखीं। इनमें सरकार द्वारा खनन कंपनी को किस आधार पर समझौता या अनुमति दी गई, उससे संबंधित सभी दस्तावेज ग्रामीणों और समिति के समक्ष सार्वजनिक करने की मांग प्रमुख रही। इसके अलावा नवेली परियोजना के कोयला उत्खनन क्षेत्र एवं वन प्रभावित क्षेत्र के लोगों के साथ हुए समझौते की जानकारी देने, परियोजना में महालक्ष्मी कंपनी की भागीदारी और उसकी कार्यशैली से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की गई।

# एसपी ने की क्राइम बैठक, सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और छिनतई पर रोक के निर्देश

• **दुर्गापूजा को लेकर देवघर पुलिस अलर्ट**



**संवाददाता**

**देवघर।** आगामी दुर्गापूजा को लेकर देवघर पुलिस ने सुरक्षा तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को एसपी प्रवीण पुष्कर की अध्यक्षता में क्राइम बैठक हुई। इसमें जिले के सभी थाना प्रभारी मौजूद रहे। बैठक में दुर्गापूजा के दौरान भीड़भाड़ वाले इलाकों, पूजा पंडालों और संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई।
एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर आवश्यक तैयारी पूरी करने का निर्देश दिया। भीड़भाड़ वाले स्थानों पर छिनतई की घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाने, नियमित पुलिस गश्ती बढ़ाने और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखने को कहा गया। पूजा के दौरान पुलिस की सक्रियता बनाए रखने और किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में अपराध नियंत्रण की स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन पर भी जोर दिया गया। थाना स्तर पर दर्ज मामलों की प्रगति, अपराधियों पर कार्रवाई और क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की गई। दुर्गापूजा के दौरान श्रद्धालुओं की बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती, संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी और गश्ती व्यवस्था को प्रभावी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में लगातार सक्रिय रहने और त्योहार के दौरान शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया गया।

## पीएम के जन्मदिन पर भाजपाइयों ने जलाए दीपक



**मधुपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर गुरुवार भाजपा कार्यकर्ताओं ने के पुलपार दुर्गा मंदिर में दीप जलाकर उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना कर दीप प्रज्वलित किए और प्रधानमंत्री के जन्मदिन को सेवा एवं संकल्प के रूप में मनाया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। जन्मदिन के अवसर पर कार्यकर्ताओं ने उनके नेतृत्व में देश की प्रगति और जनकल्याण के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। मंदिर परिसर में कुछ देर तक भक्तिमय माहौल बना रहा। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री के स्वस्थ, सफल एवं दीर्घायु जीवन की मंगलकामना की।

## अंबेडकर युवा क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** ग्राम बिरनिया में अंबेडकर युवा क्लब बिरनिया की ओर से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ आजाद समाज पार्टी के देवघर जिलाध्यक्ष क्रांतिकारी कृष्णा कुमार एवं भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष कमलेश कुमार दास ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर दोनों अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष कृष्णा कुमार ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन,टीम भावना और आत्मविश्वास सिखाता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों से बेहतर प्रदर्शन करने और खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए निरंतर मेहनत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के खेल आयोजनों से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। ऐसे आयोजनों को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है, ताकि स्थानीय प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच मिल सके। मौके पर आजाद समाज पार्टी के जिला सलाहकार मनीष कुमार राज,युवा उपाध्यक्ष हिमांशु कुमार,कमेटी सदस्य उत्तम भारती,सूरज कुमार दास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं खेलप्रेमी मौजूद थे। आयोजन को लेकर स्थानीय युवाओं और खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल रहा।

## आउटसोर्सिंग कर्मियों ने दिया धरना



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** चार-पांच माह से लंबित पारिश्रमिक के भुगतान की मांग को लेकर झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के देवघर जिलाध्यक्ष मनोज कुमार मिश्र के नेतृत्व में शुक्रवार को सदर अस्पताल में कार्यरत सैकड़ों आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने सिविल सर्जन कार्यालय के समक्ष एक दिवसीय सांकेतिक धरना-प्रदर्शन किया। कर्मचारियों का कहना था कि आवंटन उपलब्ध रहने के बावजूद उनके पारिश्रमिक का भुगतान नहीं किया जा रहा है। भुगतान की मांग करने पर नौकरी से हटाने की धमकी दिए जाने से कर्मचारियों में आक्रोश था। धरना की जानकारी मिलने पर सिविल सर्जन ने कर्मचारियों को वार्ता के लिए बुलाया। सभी कर्मचारियों ने सौहार्दपूर्ण माहौल में अपनी समस्याएं उनके समक्ष रखीं। सिविल सर्जन ने बताया कि आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के पारिश्रमिक से संबंधित विपत्र कोषागार भेजा गया था, जहां से कुछ आपत्तियों के साथ उसे वापस कर दिया गया। संघ ने स्पष्ट किया कि यदि बुधवार सुबह तक कर्मचारियों के खातों में बकाया पारिश्रमिक नहीं पहुंचता है, तो 23 सितंबर 2026 को दोपहर 12 बजे पुनः सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव किया जाएगा। धरना-प्रदर्शन में सदर अस्पताल के विभिन्न पदों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत सभी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया।

## एम्स देवघर में तकनीशियनों का प्रशिक्षण शुरू



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** देवघर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में प्रयोगशाला तकनीशियनों के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन एम्स देवघर के निदेशक एवं देवघर के सिविल सर्जन ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान प्रतिभागियों को कुष्ठ रोग की उन्नत जांच तकनीक त्वचा धब्बा जांच तथा रोगाणुरोधी दवा प्रतिरोध से संबंधित आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य प्रयोगशाला तकनीशियनों को कुष्ठ रोग की आधुनिक एवं उन्नत जांच पद्धतियों से अवगत कराना है। त्वचा धब्बा जांच के माध्यम से कुष्ठ रोग की पहचान और रोग से संबंधित आवश्यक चिकित्सकीय जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलती है। वहीं, रोगाणुरोधी दवा प्रतिरोध की जांच से रोगजनक जीवाणुओं पर दवाओं के प्रभाव तथा उनके प्रति प्रतिरोध की स्थिति का पता लगाने में मदद मिलती है।

## इनर व्हील क्लब ने पंडा धर्मरक्षिणी सभा को दी फ्रीजर मॉर्चरी



**देवघर संताल एक्सप्रेस।** सामाजिक सेवा एवं जनकल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के तहत इनर व्हील क्लब ऑफ देवघर,डिस्ट्रिक्ट 325 की ओर से पंडा धर्मरक्षिणी सभा, बाबा मंदिर को एक फ्रीजर मॉर्चरी समर्पित की गई। इस फ्रीजर मॉर्चरी को माँ ललिता देवी विद्या विहार संस्था ने प्रायोजित किया है। इस सेवा परियोजना का उद्देश्य आवश्यकता के समय शवों को सुरक्षित रखने की सुविधा उपलब्ध कराना तथा आमजन और मंदिर से जुड़े लोगों की महत्वपूर्ण जरूरत को पूरा करना है। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्ष डॉ. ममता किरण ने कहा कि समाज की वास्तविक आवश्यकताओं को समझकर किए गए सेवा कार्य ही सेवा की सार्थकता को दर्शाते हैं। क्लब भविष्य में भी जरूरतमंद लोगों के लिए ऐसे जनहितकारी कार्य जारी रखेगा। कार्यक्रम में सेक्रेटरी अर्पणा सिन्हा, वाइस प्रेसिडेंट कंचन मूर्ति, अर्चना सिन्हा,ट्रेजरर चंद्र प्रभा, सरिता अग्रवाल, अर्चना भगत एवं सदस्य आरती झा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

## पशुधन पोर्टल पर डेटा एंट्री में लाएं तेजी : नगर आयुक्त



**देवघर।** देवघर नगर निगम सभागार में शुक्रवार को पशु चिकित्सा शाखा के कार्यों की प्रगति को लेकर समीक्षा बैठक हुई। नगर आयुक्त सुलोचना मीणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत पशुधन पोर्टल पर पशुओं से संबंधित डेटा एंट्री की स्थिति की समीक्षा की गई। बैठक में नगर आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों और वार्ड स्तरीय नोडल पदाधिकारियों को पशुधन पोर्टल पर डेटा एंट्री में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने उपलब्ध आंकड़ों को निर्धारित समय सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से दर्ज करने को कहा, ताकि पोर्टल पर जानकारी को अपडेट किया जा सके। पशुओं की टैगिंग प्रक्रिया की भी समीक्षा की गई। टैगिंग कार्य में किसी तरह की बाधा नहीं आए, इसके लिए संबंधित पदाधिकारियों को जल्द से जल्द टैग उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। अधिकारियों से टैगिंग और डेटा एंट्री दोनों कार्यों को समय पर पूरा करने को कहा गया। बैठक में मीट शॉप के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) से जुड़े मामलों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सहायक नगर आयुक्त रंजीत सिंह समेत सभी वार्ड स्तरीय नोडल पदाधिकारी मौजूद रहे।

# विश्वकर्मा पूजा पर दर्शन और पूजन के लिए पूजा पंडाल में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़











**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

साहिबगंज- साहिबगंज शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार को लोगों ने विधिवत रूप से भगवान विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की. साहिबगंज नगर के सब्जी मंडी स्थित रेलवे के टीआरडी डिपार्टमेंट में अपने विभाग का कार्य विद्युतीकरण का कार्य ओर मरम्मती करते रेलवे कर्मी को अपने टॉवर वैगन कार के साथ कलाकृति के माध्यम से दर्शाया. संयुक्त क्रू बुकिंग लॉबी में हाथी का मुंह नुमा पंडाल ओर शीश महल पंडाल का निर्माण कराया गया है. जो लोगों के बीच आकर्षक का केंद्र रहा. कैरेज एंड वैगन डिपार्टमेंट में भव्य व आकर्षक पंडाल में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित किया गया है.वही रेलवे विद्युत विभाग, टेलीफोन विभाग, डीएमयू मेंटेनेंस शेड, सिग्नल डिपार्टमेंट, आईओडब्ल्यू, पीडब्ल्यूआई सहित कल कारखाना, क्रेशर प्लांट सहित रेलवे के विभाग के पूजा पंडाल में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा स्थापित कर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना कर मौजूद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया.वही गुरुवार व शुक्रवार को देर रात तक पूजा पंडाल में भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा का दर्शन करने के लिए शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की भीड़ उमड़ी रही.वही लोगों ने मेला में चाट पकौड़े, गोलगप्पा व आइसक्रीम का लुत्फ उठाया.

## सांसद व विधायक ने किया राजमहल और उधवा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



राजमहल लोक सभा क्षेत्र के सांसद विजय हांसदा व राजमहल विधायक एमटी राजा ने शुक्रवार को राजमहल व उधवा के बाढ़ ग्रस्त इलाकों का भ्रमण किया. सांसद व विधायक ने लगभग 1200 प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किए. सांसद विजय हांसदा व विधायक मो ताजउद्दीन उर्फ एमटी राजा ने राजमहल एवं उधवा प्रखंड क्षेत्र के बाढ़ प्रभावित राजमहल प्रखंड घाटजमनी, मध्य नारायणपुर, उधवा प्रखंड के दक्षिण पलाशगाछी, पुर्वी प्राणपुर व श्रीघर पंचायत क्षेत्र का भ्रमण कर लगभग 1200 प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किए. साथ ही क्षेत्र भ्रमण के दौरान क्षेत्र की लोगों की समस्या से अवगत हुए उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्राथमिकता के आधार पर सड़क की निर्माण होगी और बाढ़ राहत के लिए अग्रिम तैयारी की भी रणनीति प्रशासन से समन्वय स्थापित कर बनेगी. साथ ही कटाव नियंत्रण पर भी कटाव निरोधी कार्य के लिए सरकार के समक्ष मामला को प्रमुखता से रखा जाएगा. दोनों ही जनप्रतिनिधियों ने कहा कि प्रशासन को लगातार निर्देश दी जा रही है कि जो भी इलाके बाढ़ ग्रस्त है वहां राशन पहुंचाने का कार्य करें. इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदानंद महतो, विधायक प्रतिनिधि मो मारूफ उर्फ गुड्डू, केन्द्रीय समिति सदस्य एकलाकुर रहमान, प्रखंड अध्यक्ष अनिसुर रहमान, अयुब अली , सहित दर्जनों लोग मौजूद थे.

## भक्तों ने निकाली बप्पा की विसर्जन यात्रा



साहिबगंज - साहिबगंज शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा का विसर्जन शोभा यात्रा भक्तों ने शुक्रवार को गाजे बाजे के साथ निकाली.मिली जानकारी के अनुसार नगर के दहला दुर्गा स्थान गणेश पूजा समिति, गुल्लीभट्ठा यद्दु मोड़ गणेश पूजा समिति,सब्जी मंडी गणेश पूजा समिति सहित अन्य स्थानों में स्थापित गणेश जी प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली.प्रतिमा का नगर भ्रमण कराने के बाद गंगा में विसर्जित किया गया.वही कई पूजा समिति के द्वारा शनिवार को गणेश जी की प्रतिमा विसर्जन यात्रा निकाली जाएंगी.

## खेलो झारखंड प्रतियोगिता का उद्घाटन



साहिबगंज - झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद रांची के निदेश के आलोक में जिला स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता 2026-27 फुटबॉल एवं वॉलीबॉल बालक एवं बालिका प्रतियोगिता का उद्घाटन सिदो कान्हू स्टेडियम में आयोजित किया गया. जिसका उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला खेल पदाधिकारी नयन कुमार एवं विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधीक्षक उर्मिला हांसदा ने दीप प्रज्वलित कर किया. साथ ही खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त की. साथ ही विजेता टीमों को पुरस्कृत कर प्रोत्साहित किया जिसमें विभिन्न प्रखंडों से विजेता प्रतिभागियों ने जिला स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विजेता एवं उपविजेता बनने का गौरव प्राप्त किया तथा राज्य स्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता के लिए अहर्ता हासिल किया.इसके पूर्व मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को पौधा देकर एपीओ शबनम तबस्सुम, प्रशिक्षक योगेश यादव ने स्वागत किया.इस अवसर पर मैच रेफरी अनिल टुडू, खेल शिक्षक सुनील किस्कू, आदित्य कुमार, बिरेंद्र कुमार, राजीव कुमार, राजेश कुमार राका,

## छात्राओं को किया गया जागरूक



बरहरवा- विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के तहत आयोजित विकसित भारत क्विज को लेकर शुक्रवार को एनडीएम गर्ल्स हाई स्कूल बरहरवा में जागरूकता अभियान चलाया गया. इस दौरान माय भारत की एनवाईवी प्रियंका कुमारी ने कक्षा नौवीं एवं दसवीं की छात्राओं को क्विज की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी और अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया. प्रियंका कुमारी ने बताया कि विकसित भारत क्विज युवाओं को जिला स्तर से राष्ट्रीय मंच तक पहुंचाने की प्रक्रिया का प्रारंभिक चरण है. क्विज में बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अगले चरण में 500 शब्दों की निबंध प्रतियोगिता में शामिल होने का अवसर मिलेगा. इसके बाद चयनित प्रतिभागियों के लिए जिला स्तर पर विकसित भारत निबंध चैलेंज आयोजित किया जाएगा.जिला स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले दो प्रतिभागियों को राज्य स्तर के विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में भाग लेने

## ट्रांसफार्मर जलने से गांव ब्लैक आउट,25 दिन बाद भी नहीं लगा नया ट्रांसफार्मर

उधवा- प्रखंड क्षेत्र के उत्तर बेगमगंज पंचायत अंतर्गत मिस्त्री टोला गांव में ट्रांसफार्मर जलने के लगभग 25 दिनों बाद भी नया ट्रांसफार्मर नहीं लगा है.उपभोक्ता जयदेव मंडल,बानु मंडल,रवि साह,अनुप साह ,समर मंडल,मिठुन मंडल सहित अन्य ने बताया कि बीते 21 अगस्त की देर रात 25 केवीए का ट्रांसफार्मर में आग लग गई. जिसके बाद पूरे गांव में अंधेरा छा गया.उपभोक्ताओं ने बताया कि लगभग 20 दिन पूर्व ट्रांसफार्मर में खराबी आयी थी. इस संबंध में विभाग को लिखित आवेदन देकर नया ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की गई थी.उधर विभाग के बिजली ट्रांसफार्मर को ठीक किया गया था और किसी तरह काम चल रहा था.साथ ही बताया कि इस ट्रांसफार्मर से लगभग 50-60 परिवार की आपूर्ति इसी ट्रांसफार्मर से हो रहा था.जिससे हमलोगों को उमस भरी गर्मी में परेशानी उठाना पड़ रहा है.आगे बताया कि उक्त ट्रांसफार्मर में अत्यधिक अतिरिक्त लोड पड़ने के कारण अक्सर ट्रांसफार्मर में खराबी और जलने जैसी समस्या उत्पन्न होती रहती है. उपभोक्ताओं का कहना है कि ट्रांसफार्मर जले लगभग 25 दिन बीत चुके हैं.इसके बावजूद अभी तक विभाग द्वारा 25 केवीए ट्रांसफार्मर को बदलते हुए उसके जगह 100 केवीए की ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया है.उपभोक्ताओं अविलम्ब ट्रांसफार्मर लगाने की मांग किया है.इस संबंध में विभाग के जेईई चंदन कुमार से पूछे जाने पर बताया कि उक्त गांव में जल्द बिजली का ट्रांसफार्मर लगा दिया जाएगा.

## वाहन चालकों से लूटपाट कर रहे तीन युवक को पुलिस ने किया हथियार के साथ गिरफ्तार

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता** साहिबगंज - साहिबगंज जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलुआ दियारा में पिकअप वाहन चालकों को रोककर लूटपाट करने की सूचना मिलने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन युवकों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा और एक हीरो स्प्लेंडर बाइक पुलिस ने बरामद किया है. छापेमारी के दौरान एक अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया.जिसकी तलाश पुलिस कर रही है.मामले की जानकारी सदर एसडीपीओ सुशील कुमार ने प्रेस वार्ता कर दी. उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली थी कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बलुआ दियारा में कुछ अपराधी पिकअप वाहनों को रोककर वाहन चालकों के साथ लूटपाट कर रहे हैं. सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम को तत्काल कार्रवाई के लिए भेजा गया. उधर पुलिस टीम ने बलुआ दियारा में विलास यादव के घर से करीब 100 मीटर आगे घेराबंदी कर मोहम्मद जुनैद पिता मोहम्मद निसार साकिन महादेवगंज मुस्लिम टोला, मोहम्मद फजल पिता मोहम्मद कुशीद साकिन रेजा नगर और मोहम्मद अरबाज पिता शेख जालु साकिन छोटी कोदरजन्ना को गिरफ्तार कर लिया.तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी कट्टा बरामद हुआ. वही पुलिस ने मौके से एक हीरो स्प्लेंडर बाइक भी जब्त की है. पुलिस की कार्रवाई के दौरान एक अन्य आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया. जहां पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है. इस कार्रवाई में मुफस्सिल थाना प्रभारी अनीश कुमार पांडेय, एसआई अखिलेश्वर प्रसाद सिंह, एसआई अमित कच्छप, एसआई विक्रम कुमार, हवलदार फरेबी कुमार एवं आरक्षी उमेश कुमार शामिल थे.

## बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामग्री का वितरण

साहिबगंज - गंगा नदी का जलस्तर लगातार बढ़ जाने के कारण साहिबगंज जिला के कई इलाके इस समय बाढ़ की चपेट में हैं. ऐसे संकट के समय में आम जनता की सुरक्षा और सहायता सुनिश्चित करने के लिए साहिबगंज पुलिस लगातार जमीनी स्तर पर राहत कार्य में जुटी हुई है. इसी कड़ी में शुक्रवार को साहिबगंज पुलिस ने मुफस्सिल थाना व गंगा नदी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सुदूर रामपुर दियारा स्थित रामनगर टोला और घुंडर टोला का दौरा किया गया. इन क्षेत्रों में बाढ़ का पानी घुस जाने के कारण फंसे हुए बाढ़ पीड़ित लोगों के बीच पुलिस टीम द्वारा राहत सामग्री के रूप में खाने-पीने का सामान और अन्य जरूरी सामग्रियां वितरित की.इस राहत अभियान के दौरान न सिर्फ इंसानों बल्कि बाढ़ से प्रभावित पशुओं की सेहत का भी पूरा ध्यान रखा गया. दियारा क्षेत्र में चारे की कमी और पानी जमा होने के कारण मवेशियों में बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है.

## यूपीआई ट्रांजैक्शन पर लगाये गये शुल्क के विरोध में एफजेसीसीआई ने उठाई आवाज,आकाश पांडेय ने जताई चिंता



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज-फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने शुक्रवार को युपीआई ट्रांजैक्शन पर शुल्क लगाए जाने की संभावनाओं के विरोध में आवाज उठाई है.मामले को लेकर एफजेसीसीआई के संथाल परगना क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आकाश पांडेय ने साहिबगंज में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं से जुड़े संभावित प्रभावों पर अपनी चिंता व्यक्त की. आकाश पांडेय ने कहा कि युपीआई आज देश में डिजिटल भुगतान का एक महत्वपूर्ण और व्यापक माध्यम बन चुका है.छोटे दुकानदारों से लेकर बड़े व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं तक बड़ी संख्या में लोग रोजमर्रा के लेनदेन के लिए यूपीआई का इस्तेमाल कर रहे हैं.उन्होने कहा कि व्यापारिक समुदाय डिजिटल भुगतान व्यवस्था को सरल,सुगम और सुलभ बनाए रखने के पक्ष में है. उन्होंने कहा कि व्यापारियों से जुड़े मुद्दों और उनकी चिंताओं को उचित मंच पर मजबूती के साथ उठाया जाएगा.वही अध्यक्ष नवीन भगत ने कहा कि डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने लेनदेन को काफी आसान और तेज बनाया है.ऐसे में यूपीआई ट्रांजैक्शन पर किसी भी प्रकार का शुल्क लगाए जाने से पहले इसके व्यापक प्रभावों पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए. विशेष रूप से छोटे व्यापारियों और आम उपभोक्ताओं पर इसके संभावित आर्थिक प्रभाव को ध्यान में रखना जरूरी है.मौके पर फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष नवीन भगत, उपाध्यक्ष अनूप सिंह व संजय दीवान, सचिव जाहिद खान,कोषाध्यक्ष शुभम कुमार पोद्दार,संरक्षक सज्जन पोद्दार व सुनील भरतिया,सदस्य अंकित केजरीवाल,अजय डोकानिया,नानू तंबाखूवाला,आशीष अग्रवाल, अंकित सर्राफ मौजूद थे.

## 55 तीर्थयात्रियों से भरा बस को झंडा दिखाकर किया रवाना



**राजमहल**- जय माता दी ट्रेवल्स के द्वारा विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर गुरुवार को तीर्थ यात्रियों के लिए रेलवे स्टेशन परिसर से बस रवाना किया गया.यह बस श्रद्धालुओं को मां वैष्णो देवी, प्रयागराज, वृन्दावन, मथुरा, सिहोर कुबेरेश्वर धाम, बनारस, काशी विश्वनाथ, स्वर्ण मंदिर, हरिद्वार, राम जन्म भूमि सहित अन्य तीर्थ स्थलों का भ्रमण कराया. रेलवे स्टेशन परिसर से बस खुलने से पहले पुरोहित राजेश पांडे के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण कर पूजा अर्चना किया गया एवं मुख्य अतिथि राजमहल पुलिस निरीक्षक राजीव रंजन, राजमहल नगर पंचायत अध्यक्ष केताबुद्दीन शेख, नगर पंचायत उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद मारूफ उर्फ गुड्डू सहित अन्य ने तीर्थ यात्रियों से भरे बस को झंडा दिखाकर रवाना किया गया. इस संबंध में बस संचालक जनार्दन कुमार यादव ने बताया कि बस में लगभग 55 तीर्थयात्री जा रहे हैं.

## एचआईवी जांच कैंप, 93 की जांच में तीन संदिग्ध मामले

बरहेट- सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरहेट में स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष एचआईवी जांच शिविर लगाया गया. शिविर में 93 लोगों की एचआईवी जांच की गई. जिसमें तीन लोगों की रिपोर्ट सस्पेक्टेड मिली. संबंधित लोगों की पहचान गोपनीय रखते हुए उन्हें आगे की जांच एवं मुफ्त उपचार के लिए आवश्यक दवाएं और चिकित्सकीय परामर्श दिया गया.सीएचसी के चिकित्सा प्रभारी डॉ. पंकज कर्मकार ने कहा कि एचआईवी जांच शिविर का उद्देश्य लोगों को जागरूक करना और संक्रमण की समय पर पहचान करना है. उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि एचआईवी से डरने अथवा इसे छिपाने की आवश्यकता नहीं है. समय पर जांच, चिकित्सकीय सलाह और नियमित उपचार से संक्रमित व्यक्ति भी सामान्य एवं लंबा जीवन जी सकता है. शिविर में डॉ. अंकित कुमार एमओ-एआरटीसी , मंथन टीआई के प्रोजेक्ट मैनेजर अपूर्व महतो, आईसीडीसी काउंसलर बसंत महतो, पीयर एजुकेटर कंचन देवी तथा आउटरीच वर्कर मो. महताब अंसारी ने सहयोग किया. मौके पर बीपीएम सरोजनी केरकेट्टा समेत अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे.

## रक्तदान शिविर का आयोजन

साहिबगंज-साहिबगंज नगर के सकरूगढ़ मुहल्ला स्थित नवीन कला मंदिर बड़ी गणेश पूजा समिति ने इस बार समाज में एक अच्छा संदेश दिया.पूजा पंडाल में पूजा समिति के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. आयोजित रक्तदान शिविर में गणेश पूजा समिति के सचिव प्रशांत शेखर, उपाध्यक्ष मनीष कुमार साह, मेला प्रभारी कृष्णा सिंह, सदस्य गोपाल कुमार, पवन सिंह ने रक्तदान किया. वही इस नई पहल की सभी ने स्वागत किया. मौके पर पूजा समिति सदस्य व स्वास्थ्य विभाग कर्मी उपस्थित थे.

## भाजपाइयों ने मनाई पीएम नरेंद्र मोदी का जन्म दिन



संताल एक्सप्रेस साहिबगंज- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर साहिबगंज में भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने सेवा एवं सामाजिक सरोकार से जुड़े कार्यक्रम का आयोजन किया. जहां इस दौरान उन्होंने दिव्यांग बच्चों, वृद्धाश्रम में रह रहे बुजुर्गों, शहीद जवानों के परिवार, भूतपूर्व सैनिकों एवं आदिवासी समाज के लोगों के साथ केक काटकर प्रधानमंत्री का जन्मदिन मनाया. बजरंगी प्रसाद यादव सहित भाजपाइयों ने दिव्यांग बच्चों एवं बुजुर्गों के बीच मिठाइयां वितरित की तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया. कार्यक्रम को लेकर बच्चों एवं बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला. इस अवसर पर बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा और सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है. वही उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि समाज के जरूरतमंद, दिव्यांग एवं वंचित लोगों के साथ खुशियां बांटना सभी की सामाजिक जिम्मेदारी है. ऐसे आयोजनों से समाज में सेवा, संवेदना और आपसी सहयोग की भावना मजबूत होती है.कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष गौतम कुमार यादव, सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे.

## दुमका समाहरणालय
### जिला भू-अर्जन शाखा
### समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**प्रारंभिक अधिसूचना**

**(अधिनियम–30/2013 की धारा–11(1) के अधीन)**

संख्या–2017/जि0भू0अ0 दुमका, दिनांक–15.09.2026

चूँकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता, दुमका को यह प्रतित होता है कि मौजा–**कमरसाली**, थाना सं0–**38**, थाना–**मसलिया**, अंचल–**मसलिया**, जिला–**दुमका** में भूमि सार्वजनिक प्रयोजन, यथा परियोजना **सितपहाड़ी से सिगरीहरको पथ का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य परियोजना** हेतु अपेक्षित है। प्रभावित परिवारों के पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन के प्रयोजनार्थ अपर समाहर्त्ता अथवा नियम 2(1)(ख) के तहत नियुक्त पदाधिकारी प्रशासक के रूप में नियुक्त किये गये हैं। विधि(विधान) विभाग, झारखण्ड, राँची के अधिसूचना संख्या–49/लेज0 दिनांक–26.06.2018 जो झारखण्ड गजट के असाधारण अंक में दिनांक–29.06.2018 को प्रकाशित भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार(झारखण्ड संशोधन) अधिनियम 2017 द्वारा प्रस्तावित परियोजना को भूमि अर्जन अधिनियम के अध्याय–2 और अध्याय–3 के उपबंधो के लागू किये जाने से मुक्त है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि मौजा–**कमरसाली**, थाना सं0–**38**, थाना–**मसलिया**, अंचल–**मसलिया** में उपर्युक्त कथित परियोजना के लिए कमोवेश **1.346 एकड़** या **0.544 हेक्टेयर** या **04 बीघा 01 कट्ठा 07 धूर** मानक माप का भूखंड, जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है।

| क्र. स. | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उत्तर | दक्षिण | पूरब | पश्चिम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 17 | 177 | ज0रै0 | वाड़ी दो | 0.047 | देवानी हेम्ब्रम पति–स्व0 पातु मुर्मू। | 175 | 179 | 176 | निज |
| 2 | 17 | 196 | ज0रै0 | वाड़ी दो | 0.061 | | 199 | सिवाना | 198 | 195 |
| 3 | 17 | 197 | ज0रै0 | वाड़ी दो | 0.041 | | 199 | सिवाना | 198 | 197 |
| 4 | 27 | 178 | ज0रै0 | धानी दो | 0.178 | सिंहराय सोरेन वो चुड़ा सोरेन वो होपा सोरेन वो चुनका सोरेन पिता–स्व0 बरियार सोरेन। | 176 | निज | 179 | 177 |
| 5 | 27 | 198 | ज0रै0 | वाड़ी दो | 0.094 | | 200 | सिवाना | 521 | 197 |
| 6 | 13 | 189 | ज0रै0 | वाड़ी दो | 0.056 | दुर्गा बेसरा वो धजे बेसरा पिता–स्व0 मनका बेसरा। | 188 | सिवाना | 190 | निज |
| 7 | 29 | 522 | ज0रै0 | वाड़ी दो | 0.178 | हडमु सोरेन पिता–स्व0 मनु सोरेन | 520 | सिवाना | 525 | 521 |
| 8 | 07 | 523 | ज0रै0 | वाड़ी दो | 0.068 | दामू मराण्डी वो सगराम मराण्डी वो दुखु मराण्डी पिता–स्व0 कालीदास मराण्डी। | 525 | सिवाना | 524 | 522 |
| 9 | 07 | 524 | ज0रै0 | वाड़ी दो | 0.064 | | 525 | सिवाना | 527 | 523 |
| 10 | 22 | 526 | ज0रै0 | वाड़ी दो | 0.139 | रिमसी टुडू पिता–स्व0 लपसा टुडू | 520 | सिवाना | 527 | 524 |
| 11 | 26 | 527 | ज0रै0 | वाड़ी दो | 0.248 | सिहराय हाँसदा पिता–स्व0 भगन हाँसदा। | 520 | 531 | 528 | 526 |
| 12 | 11 | 195 | ज0रै0 | वाड़ी दो | 0.168 | बड़ दासो टुडू पिता–जितू टुडू। | 199 | सिवाना | 197 | 194 |
| 13 | 06 | 189/1332 | ज0रै0 | वाड़ी दो | 0.004 | ठाकुराईन हाँसदा वो हील हाँसदा पिता–स्व0 रेंघा हाँसदा। | 187 | 179 | 190 | 186 |
| | | | | कुल रकवा – | 1.346 | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम, 2013(अधिनियम संख्या–30/2013), की धारा–11(1) के उपबंधो के अधीन सभी संबंधित व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दुमका के कार्यालय में किसी कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता –सह– समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा–12 में यथा उपबंधित एवं यथा विनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने, किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए, अवभूमि खोदने या भू–वेधन–छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दुमका और उनके कर्मचारियों को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति जिला समाहर्त्ता के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारंभिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय/विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा 15 के अधीन यथा उपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ(60) दिनों के अन्तर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार की आपत्तियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, दुमका के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

ह0/–
उपायुक्त, दुमका

PR 389974 Land Reforms (26-27)_D

## OFFICE OF THE ZILA PARISHAD, DUMKA,

### JHARKHAND NOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST

**EoI Reference No:** ZP/DMK/2026/ 23 **Date 18-09-2026**

**Subject:** Invitation for Expression of Interest (EoI) for the Rehabilitation, Operation, and Maintenance of Zila Parishad Properties on a Deferred Guarantee Revenue Share Model (PPP).

**1. Introduction & Objective**

The Zila Parishad (ZP), Dumka, invites Expressions of Interest from eligible private investors, agencies, or consortiums to rehabilitate, operate, and manage designated commercial/public assets. Recognizing the initial capital expenditure required to restore these assets, the ZP is implementing a **Deferred Guarantee Revenue Share Model**. This structure provides a 36-month risk-mitigated runway for investors to recover their capital before fixed minimum financial liabilities commence.

**2. Asset Profile & Concession Period**

- **Property:** Margiya Suwidha Kendra Block - Shikaripara Dumka (Estimated Current Value: ~1,43,77,963.00 Crore)
- **Minimum Mandatory Capital Investment (Capex):** 28,88,500.00 (Twenty Eight Lakh Eighty Eight lakh Five Hundred Rupees)
- **Concession Period:** 10 (Ten) Years, non-extendable, on a Rehabilitate-Operate-Transfer (ROT) basis.

**3. Scope of Work & Commercial Rights**

- **Rehabilitation:** The Concessionaire must execute structural and aesthetic repairs worth a minimum of 28,88,500.00 (Twenty Eight Lakh Eighty Eight lakh Five Hundred Rupees) within the first 6 months of the agreement.
- **Unrestricted Commercial Autonomy (No Zoning Requirements):** The operator is free to utilize the space for any lawful commercial or public-facing activity designed to maximize footfall and gross revenue, provided it does not damage the structural integrity of the asset.
- **No Cap on User Charges:** The ZP shall impose no caps or ceilings on entry fees, ticket prices, or service charges. The Concessionaire has absolute autonomy to determine market pricing.

**4. Financial Structure & Payment Terms**

The financial obligation to the ZP is divided into two distinct phases to support investor capex recovery:

- **Months 1 to 6 (Moratorium & Repair Phase):** Zero rent/revenue share. The Concessionaire shall take possession solely to execute the mandatory 28,88,500.00 (Twenty Eight Lakh Eighty Eight lakh Five Hundred Rupees) repairs. No commercial operations are permitted until a Completion Certificate is issued by the ZP Engineering Cell.
- **Months 7 to 36 (Pure Revenue Share Phase):** The Concessionaire shall pay the ZP the bidded Revenue Share percentage of the gross monthly revenue.
- **Month 37 to Year 10 (Deferred Guarantee Phase):** A Minimum Guarantee (MG) of 26,189.00 (Twenty Six Thousand One Hundred Eighty Nine) per month automatically activates. The Concessionaire shall pay the ZP either the MG or the bidded Revenue Share percentage, *whichever is higher*. The MG may be subject to a 5% annual step-up.
- **An extension of additional 5 years can be granted at same terms as deferred guarantee phase.**

**5. Bidding & Evaluation Process (QCBS)**

Bids will be evaluated out of 100 marks. To ensure a balance of revenue potential and execution capability, a Quality-cum-Cost Based Selection will be used:

- **Financial Bid (70 Marks):** Scored purely on the highest Revenue Share percentage (%) offered to the ZP across the 10-year term.
- **Idea and Vision (30 Marks):** Bidders must deliver a Technical Presentation to the ZP Tender Evaluation Committee. This covers all non-objective assessments, including:
  - o Proposed Business Concept & Target Audience.
  - o Renovation & Execution Plan (utilization of the 28,88,500.00 (Twenty Eight Lakh Eighty Eight lakh Five Hundred Rupees) capex).
  - o Revenue Generation Strategy & Operational Readiness.

**6. Monitoring, Penalties & Compliance**

To protect public interest and ensure financial transparency, the following clauses are non-negotiable:

- **Delay Penalties:** If 28,88,500.00 (Twenty Eight Lakh Eighty Eight lakh Five Hundred Rupees) repairs are not completed by the end of Month 6, a penalty of 2,000 per day shall be levied. Delays exceeding 60 days will result in immediate contract termination and forfeiture of the Performance Bank Guarantee (PBG).
- **Right of Inspection:** ZP officials retain the absolute right to conduct unannounced, on-site physical inspections during operating hours. Officials may demand immediate access to the premises, digital Point of Sale (POS) systems, and daily cash ledgers.
- **Digital Billing Mandate:** All commercial transactions must be recorded via a digital billing system or UPI.
- **Quarterly CA Audit:** The Concessionaire must submit quarterly gross revenue statements certified by a Chartered Accountant, strictly reconciled with the property's GST filings.
- **Revenue Concealment Penalty:** If any audit or ZP inspection uncovers underreported or concealed revenue exceeding 5% of the actual gross, a penalty equivalent to **300% of the concealed ZP share** will be imposed. A second offense will trigger immediate termination of the concession agreement.

**7. PERFORMANCE BANK GUARANTEE (PBG)**

**7.1 Amount and Form of PBG** Within 15 (fifteen) days of the issuance of the Letter of Award (LoA) and strictly prior to the execution of the Concession Agreement, the Selected Bidder shall submit an irrevocable and unconditional Performance Bank Guarantee (PBG) of **3,50,000 (Rupees Three Lakhs Fifty Thousand Only)**. The PBG must be issued by a Nationalized or Scheduled Commercial Bank in India, drawn in favour of the **Chief Executive Officer, Zila Parishad, Dumka**.

**7.2 Validity and Rolling Renewal**

1. The initial PBG shall remain valid for a period of **36 (Thirty-Six) months** from the date of the Concession Agreement, with an additional claim period of 6 (Six) months.
2. The Concessionaire shall be strictly obligated to renew the PBG for subsequent periods. The renewed PBG must be submitted to the Zila Parishad no later than **30 (Thirty) days prior to the expiry** of the active PBG.
3. Failure to submit a renewed PBG within this timeframe shall constitute a material breach of contract, granting the Zila Parishad the immediate right to encash the expiring PBG in full without prior notice.

**7.3 Conditions for Encashment and Forfeiture** The Zila Parishad reserves the absolute right to invoke and encash the PBG, in part or in full, under the following circumstances:

1. **Failure to Execute Capex:** If the Concessionaire fails to complete the mandatory physical repairs and obtain the Completion Certificate from the ZP Engineering Cell by the end of Month 6 (including any penalty-bearing grace periods).
2. **Revenue Concealment:** If an audit or unannounced physical inspection by ZP officials establishes a second instance of the Concessionaire concealing or underreporting gross revenue by more than 5%.
3. **Abandonment:** If the Concessionaire abandons the property or halts commercial operations for a continuous period exceeding 60 (Sixty) days without written approval from the Zila Parishad.
4. **Non-Payment of Dues:** If the Concessionaire defaults on the monthly Revenue Share or Minimum Guarantee payments for three consecutive billing cycles.

**7.4 Release of PBG** The PBG shall be released and returned to the Concessionaire within 90 (Ninety) days after the successful completion of the 10-year Concession Period, subject to the peaceful handover of the asset to the Zila Parishad in operational condition, and the clearance of all outstanding financial dues, penalties, and taxes.

**8. Submission Guidelines**

Interested parties must submit their concept note, preliminary financial bid, and proof of technical capability in sealed envelopes (or via the e-procurement portal) by
**[Insert Date-29.09.2026]**.
For detailed terms, PBG requirements, and tender document downloads, please visit [Insert Portal/ Website] or contact the office of the undersigned.

**Chief Executive Officer / DDC**
Zila Parishad, Dumka Jharkhand

PR.NO.390069 District(26-27):D

## तालाब में डूबने से छह वर्षीय मासूम की मौत



**सरैयाहाट।** थाना क्षेत्र के मटिहानी गांव में विश्वकर्मा पूजा के दिन एक दर्दनाक हादसे में छह वर्षीय मासूम की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी जागेश्वर सिंह के इकलौते पुत्र शक्ति सिंह के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में मातम पसरा है, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार, विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर जागेश्वर सिंह अपने पुत्र शक्ति को साथ लेकर गांव के तालाब पर बाइक धोने गए थे। वहां कई लोग अपनी-अपनी बाइक साफ कर रहे थे। इसी दौरान जागेश्वर भी बाइक धोने में व्यस्त हो गए। बाइक धोने के बाद वह घर लौट आए, लेकिन उन्हें इस बात का ध्यान नहीं रहा कि उनका छह वर्षीय पुत्र शक्ति उनके साथ नहीं आया है। घर पहुंचने के बाद जब जागेश्वर ने अपनी पत्नी से शक्ति के बारे में पूछा तो पत्नी ने बताया कि वह तो आपके साथ तालाब गया था। यह सुनते ही परिजन घबरा गए और तत्काल तालाब की ओर पहुंचे। काफी खोजबीन के बाद बच्चे को तालाब से बेहोशी की हालत में बाहर निकाला गया। आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरैयाहाट ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

## स्काउटिंग से सशक्त बन रहीं बेटियां, सोपान गाइड शिविर में सीखे जीवनोपयोगी गुर



**दुमका।** जिला शिक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर संथाल बालिका आवासीय विद्यालय, महारो में आयोजित पांच दिवसीय प्रथम सोपान गाइड शिविर के तीसरे दिन छात्राओं ने विपरीत परिस्थितियों से निपटने और आत्मनिर्भर बनने का कड़ा अभ्यास किया। शिविर का निरीक्षण करने पहुंचे भारत स्काउट एवं गाइड दुमका के जिला सचिव विजय कुमार दूबे ने गाइडों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्काउटिंग का प्रशिक्षण बच्चों को इतना सशक्त बना देता है कि वे कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी राष्ट्र और समाज की सेवा करते हुए आत्मविश्वास के साथ खुशहाल जीवन जी सकें। कोषाध्यक्ष मानुवेल सोरेन ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्काउट गाइड का मंच सबसे अधिक प्रभावी माध्यम है। जिला संगठन आयुक्त अपरेश कुमार ने गाइडों को प्रेरित करते हुए जानकारी दी कि प्रथम सोपान उत्तीर्ण करने के बाद सभी छात्राएं द्वितीय सोपान में प्रवेश करेंगी। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि अनुशासन और निरंतर परिश्रम के बल पर कैडेट्स स्काउटिंग के सर्वोच्च सम्मान राष्ट्रपति पुरस्कार तक का सफर तय कर सकते हैं। इस आयोजन की सफलता में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनिषा मुर्मू, शिविर सहयोगी सीनियर स्काउट गुलशन विश्वकर्मा, हरिमोहन सहित विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं की सक्रिय भूमिका रही।

## भगवान विश्वकर्मा की हुई पूजा-अर्चना



**रानीश्वर ।** भारत सेवाश्रम संघ के पाथरा परिसर में देवशिल्पी भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना पूरे श्रद्धा भाव और भक्ति के साथ संपन्न हुई। बंगाली रीति-रिवाज और वैदिक विधि-विधान से आयोजित इस पूजा के दौरान पूरा आश्रम परिसर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा। इस धार्मिक अनुष्ठान का नेतृत्व यजमान अशोक राय और देवाशीष राय ने किया। पूजा में पारंपरिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान विश्वकर्मा की वंदना की गई और आश्रम के बच्चों, कर्मचारियों समेत सभी श्रद्धालुओं के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और कल्याण की मंगलकामना की गई। इस पावन अवसर पर संघ के वरिष्ठ संन्यासी स्वामी अर्णवानन्द जी महाराज विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ जयदेव दे, गोविन्द यादव, सुनाराम मुर्मू, शक्तिपद महतो, प्रशांत कुमार मुर्मू, चुंडू हेम्ब्रम, मुन्ना किस्कू और आश्रम के कई कर्मचारी व बड़ी संख्या में बच्चे शामिल हुए। समारोह के दौरान आश्रम में मौजूद वाहनों, मोटरसाइकिलों, मशीनों, औजारों और विभिन्न कल-पुर्जों की भी पूरे विधि-विधान से पूजा की गई।

## श्रद्धा के साथ मनायी गयी विश्वकर्मा पूजा



**गोपीकांदर ।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा पूजा श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाई गई. प्रखंड क्षेत्र के सरकारी एवं निजी प्रतिष्ठानों, कार्यशालाओं, दुकानों तथा पत्थर खदान और पत्थर क्रेशर मंडी में भी भगवान विश्वकर्मा की आकर्षक प्रतिमाएं स्थापित कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई. पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं ने भगवान विश्वकर्मा से सुख, समृद्धि एवं व्यवसाय में उन्नति की कामना की. पूजा पंडालों को रंग-बिरंगी सजावट एवं आकर्षक विद्युत रोशनी से सजाया गया था. सुबह से ही भक्तों की भीड़ पूजा स्थलों पर उमड़ती रही. पुरोहितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा संपन्न कराई गई.

## 11 हजार के तीनों फेज खराब होने से बिजली आपूर्ति ठप्प

**जरमुंडी।** बासुकीनाथ नगर पंचायत अंतर्गत सरडीहा वार्ड नंबर 12 में ट्रांसफार्मर के समीप 11 हजार लाइन के तीनों फेज ब्रेक डाऊन होने से विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई है। बिजली आपूर्ति में आई इस खराबी के कारण वार्ड के उपभोक्ताओं को बिजली संकट का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों के अनुसार, ट्रांसफार्मर के पास 11 हजार वोल्ट के तीनों फेज में खराबी आने के बाद पूरे इलाके की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई। बिजली आपूर्ति नहीं होने से वार्ड में ब्लैक आउट होने के साथ दैनिक घरेलू कार्य, पेयजलापूर्ति और अन्य जरूरी काम प्रभावित हो रहे हैं। लोगों का कहना है कि खराबी की सूचना संबंधित विद्युत विभाग के कर्मियों को दी गई है, लेकिन अविलंब मरम्मती नहीं होने से परेशानी बढ़ रही है।

## मसलिया और चापुरिया में धूमधाम से मनी विश्वकर्मा पूजा

**मसलिया।** मसलिया एवं चापुरिया स्थित बिजली कार्यालय परिसर में गुरुवार को भगवान विश्वकर्मा की पूजा-अर्चना धूमधाम और श्रद्धा के साथ की गई। इस अवसर पर बिजली विभाग के कर्मचारियों एवं आसपास के ग्रामीणों में उत्साह देखने को मिला। पूजा के लिए बिजली कार्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। सुबह से ही पूजा-अर्चना की तैयारियां शुरू हो गई थीं। पंडित मंतोष चक्रवर्ती ने विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान विश्वकर्मा की पूजा संपन्न कराई। पूजा के दौरान विभाग के कर्मचारियों ने भगवान विश्वकर्मा से बिजली व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा क्षेत्र में सुख-समृद्धि की कामना की। पूजा के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया।

## राशन दुकानदार ने की आत्महत्या

**मसलिया।** टोंगरा थाना क्षेत्र के हथियापाथर गांव निवासी करीब 37 वर्षीय पिंटू मंडल ने दतियारपुर मोड़ स्थित अपने दुकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पिंटू मंडल दतियारपुर मोड़ पर घर बनाकर राशन की दुकान चलाता था। घटना के बाद इलाके में सन्नाटा पसरा हुआ है। बताया जाता है कि पिंटू मंडल की पत्नी पिछले करीब दो महीने से मायके शिकारीपाड़ा बरमसिया में रह रही थी। दंपती की दो छोटी बेटियां हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद आसपास के लोग मौके पर जुट गए और इसकी सूचना टोंगरा थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

## दो माह से खराब पड़ी पानी टंकी, पेयजल संकट गहराया

**मसलिया।** प्रखंड के हरोराइडीह पंचायत अंतर्गत नामीमहल गांव में पिछले करीब दो माह से पेयजल संकट गहराया हुआ है। गांव में लगी जलापूर्ति टंकी का मोटर खराब होने के कारण ग्रामीणों को नियमित रूप से पानी नहीं मिल पा रहा है। इससे गांव के करीब 15 परिवारों की लगभग 100 की आबादी प्रभावित है। ग्रामीणों के अनुसार, जलापूर्ति टंकी का मोटर करीब दो माह पहले खराब हो गया था। इसके बाद से टंकी से पानी की आपूर्ति बंद है। ग्रामीणों को पेयजल के लिए दूसरे स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ रहा है। गर्मी और रोजमर्रा की जरूरतों के बीच पानी की समस्या से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में जलापूर्ति की सुविधा उपलब्ध होने के बावजूद मोटर खराब रहने के कारण इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों और सरकार से जल्द से जल्द खराब मोटर की मरम्मत कराने की मांग की है।

# एआई से मिटेगी भाषा की दीवार, संताली-हिंदी ट्रांसलेटर ऐप से आसान होगी स्कूली पढ़ाई



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका।** जिले के सरकारी स्कूलों में अब भाषा की बाधा बच्चों की पढ़ाई के आड़े नहीं आएगी। जिला प्रशासन ने प्रोजेक्ट दीप के तहत एक अभिनव पहल करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित एक खास ट्रांसलेटर ऐप विकसित करने का निर्णय लिया है। इस अत्याधुनिक तकनीक के जरिए संथाली से हिंदी और हिंदी से संथाली में आसानी से अनुवाद किया जा सकेगा। इस कदम का मुख्य उद्देश्य कक्षाओं में भाषाई कठिनाइयों को दूर कर बच्चों और शिक्षकों के बीच एक सहज संवाद स्थापित करना है।

जिले के कई ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यालयों में बड़ी संख्या में ऐसे छात्र-छात्राएं दाखिला लेते हैं, जिनकी मातृभाषा संथाली है और वे प्रारंभिक स्तर पर केवल इसी भाषा को समझ पाते हैं। ऐसे में जब पढ़ाई का माध्यम हिंदी होता है, तो उन्हें शिक्षकों की बातें समझने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस प्रस्तावित ट्रांसलेटर ऐप के आने से यह मुश्किल काफी हद तक हल हो जाएगी। बच्चे अपनी बात बेझिझक संथाली में रख सकेंगे, जिसे शिक्षक ऐप की मदद से हिंदी में समझ लेंगे। इसी तरह, शिक्षक भी हिंदी में अपनी बात को संथाली में अनुवाद कर बच्चों को बहुत ही सरलता से समझा सकेंगे।

जिला प्रशासन की यह पहल सिर्फ तात्कालिक संवाद की समस्या को नहीं सुलझाएगी, बल्कि यह बच्चों को धीरे-धीरे मुख्यधारा की भाषा से जोड़ने का एक मजबूत पुल भी बनेगी। विद्यालयी जीवन के शुरुआती वर्षों में जिन बच्चों को हिंदी समझने में झिझक होती है, उनके लिए यह ऐप एक बेहतरीन सहायक का काम करेगा। अपनी मातृभाषा के सहारे वे धीरे-धीरे हिंदी के नए शब्द और वाक्य भी सीखने लगेंगे। इससे न सिर्फ उनके सीखने की गति में तेजी आएगी, बल्कि स्कूली शिक्षा के प्रति उनका जुड़ाव और भी गहरा व मजबूत होगा।

## डीसी ने दिए विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

**दुमका।** जिले में चल रही विकास योजनाओं की रफ्तार बढ़ाने और नीति आयोग के सूचकांकों में सुधार लाने के उद्देश्य से शुक्रवार को एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता दुमका के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने की। बैठक के दौरान स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि, जल संसाधन, आधारभूत संरचना, वित्तीय समावेशन और कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई।

उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जितने भी लंबित कार्य हैं, उनमें तेजी लाई जाए और सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर हर हाल में पूरा किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जो योजनाएं पूरी हो चुकी हैं, उनका लाभ आम जनता तक पहुंचना सुनिश्चित करें। चल रही योजनाओं की नियमित निगरानी की जाए और यदि किसी परियोजना में कोई बाधा आ रही है, तो उसका प्राथमिकता के आधार पर समाधान निकाला जाए।

जिले की रैंकिंग और विकास सूचकांकों में सुधार को लेकर उपायुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ काम करने की सलाह दी। उन्होंने जोर देकर कहा कि सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप काम करें ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके।

# एबीवीपी की भूख हड़ताल रंग लाई, जूस पीकर तोड़ा अनशन



**संवाददाता**

**दुमका।** सिद्धो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय परिसर में पिछले चार दिनों से चल रही अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद दुमका की अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल आखिरकार समाप्त हो गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्रों की 13 सूत्रीय मांगों पर ठोस आश्वासन दिए जाने के बाद आंदोलनकारियों ने अपना अनशन वापस ले लिया।

शुक्रवार शाम करीब 6:30 बजे विश्वविद्यालय के कुलपति से दूरभाष पर सकारात्मक वार्ता हुई। कुलपति से मिले ठोस आश्वासन के बाद विश्वविद्यालय के आला अधिकारी खुद अनशन स्थल पर पहुंचे। अधिकारियों ने अनशन पर बैठे छात्र नेताओं और कार्यकर्ताओं को अपने हाथों से जूस पिलाकर उनका चार दिवसीय अनशन तुड़वाया।

इस बड़ी कामयाबी पर एबीवीपी परिवार ने पूरे संथाल परगना के युवाओं और छात्र एकता को बधाई देते हुए इसे एक ऐतिहासिक जीत बताया है। छात्र संघ ने इस आंदोलन के दौरान छात्रों की आवाज़ को प्रमुखता से उठाने के लिए सभी मीडिया कर्मियों और पत्रकार बंधुओं का आभार व्यक्त किया है। इसके साथ ही विद्यार्थी परिषद ने चेतावनी भी दी है कि यदि विश्वविद्यालय प्रशासन ने तय समय सीमा के भीतर अपनी घोषणाओं और मांगों को पूरा नहीं किया, तो छात्र हितों की रक्षा के लिए आंदोलन दोबारा शुरू किया जाएगा।

# डालसा की पहल : सड़क दुर्घटना के पीड़ितों को अब जल्द मिलेगा न्याय और मुआवजा

**संवाददाता**

**दुमका।** मोटर दुर्घटना के शिकार हुए पीड़ितों और उनके आश्रितों को अब न्याय और मुआवजे के लिए कोर्ट-कचहरी और दफ्तरों का लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकार दुमका के तत्वावधान में पीड़ितों को त्वरित कानूनी सहायता और जल्द से जल्द मुआवजा दिलाने के उद्देश्य से आज न्याय सदन में एक बेहद अहम एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यशाला का विधिवत उद्घाटन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधांशु कुमार शशि, कुटुंब न्यायाधीश योगेश्वर मनी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम प्रकाश झा और जिला जज तृतीय राजेश सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मंथन में मुख्य रूप से मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण से जुड़े मामलों के जल्द निपटारे के लिए सभी संबंधित विभागों के बीच एक मजबूत तालमेल बिठाने पर जोर दिया गया। कार्यशाला के दौरान पुलिस, स्वास्थ्य, परिवहन विभाग और बीमा कंपनियों



की भूमिकाओं को स्पष्ट करते हुए यह तय किया गया कि दुर्घटना के तुरंत बाद पीड़ितों को समय पर चिकित्सा सुविधा मिले और मुआवजा प्रक्रिया से जुड़े सभी आवश्यक दस्तावेज बिना किसी देरी के तैयार किए जाएं। वरिष्ठ अधिवक्ता राजेंद्र प्रसाद ने प्रथम दुर्घटना प्रतिवेदन और विस्तृत दुर्घटना प्रतिवेदन की प्रक्रिया और उसकी अहमियत पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि समय पर सही जानकारी और दस्तावेज मिलने से पीड़ितों को कितनी जल्दी राहत पहुंचाई जा सकती है।

# विश्वविद्यालय क्रय समिति की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मिली मंजूरी, जेम पोर्टल से होगी खरीदारी

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**दुमका ।** विश्वविद्यालय के वीसी कॉन्फ्रेंस हॉल में शुक्रवार को कुलपति की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय क्रय समिति की एक बेहद महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक की शुरुआत में विश्वविद्यालय अधिनियम 2026 के प्रावधानों के आलोक में क्रय समिति का नए सिरे से पुनर्गठन किया गया। इस नवगठित समिति में कुलपति, प्रतिकुलपति, वित्त परामर्शी, दो विभागाध्यक्ष, एक सिंडिकेट सदस्य, एक बाह्य सदस्य और कुलसचिव को बतौर सदस्य शामिल किया गया है, जबकि वित्त पदाधिकारी को इसका सदस्य सचिव बनाया गया है। इसके साथ ही कुछ विशेष आमंत्रित सदस्यों ने भी इस बैठक में अपनी सहभागिता दर्ज की।

इस बैठक के दौरान विश्वविद्यालय के विकास और प्रशासनिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि विश्वविद्यालय के लेखा विभाग के सुचारू संचालन के लिए आठ अलमारियां, दो कंप्यूटर और एक प्रिंटर की खरीदारी जेम पोर्टल के माध्यम से पारदर्शी तरीके से की जाएगी। इसके अतिरिक्त, सुरक्षा और अनुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मॉडल कॉलेज राजमहल तथा महिला महाविद्यालय साहिबगंज में सीसीटीवी कैमरे और बायोमेट्रिक मशीनें लगाने की सहमति दी गई। वहीं बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए महिला महाविद्यालय पाकुड़, डिग्री कॉलेज जरमुंडी और मॉडल कॉलेज सुग्गाथान में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई।

इस उच्च स्तरीय बैठक में कुलपति प्रो. (डॉ.) कुनुल कंदीर , डीन अकादमिक अफेयर्स सह सिंडिकेट सदस्य डॉ जैनेन्द्र यादव, वित्त पदाधिकारी डॉ संजय कुमार सिन्हा, कुलसचिव डॉ अब्दुस सत्तार, छात्र कल्याण निदेशक डॉ पूनम हेम्ब्रम, परीक्षा नियंत्रक डॉ रीना नीलिमा लकड़ा और संताली विभागाध्यक्ष डॉ सुशील टुडू मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इनके अलावा बाह्य सदस्य के रूप में इंडियन बैंक के पूर्व एलडीएम प्रवीण कुमार और लेखापाल परिमल कुंदन ने भी बैठक में भाग लिया। वहीं वित्त परामर्शी ब्रजनंदन ठाकुर तथा अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ जयकुमार सिंह ऑनलाइन माध्यम से इस बैठक से जुड़े रहे। यह समस्त जानकारी जनसंपर्क निदेशक डॉ राजीव रंजन सिन्हा द्वारा दी गई

# पचवाड़ा नॉर्थ कोल माइंस क्षेत्र में ग्रामीणों को मिली सौगात, अब दरवाजे पर पहुंचेगा अस्पताल



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**गोपीकांदर ।** विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर पचवाड़ा नॉर्थ कोल माइंस क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए एक बेहद राहत भरी खबर आई है। स्थानीय लोगों को बेहतर और आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से क्षेत्र में एक चलते-फिरते अस्पताल यानी मोबाइल मेडिकल यूनिट का विधिवत शुभारंभ किया गया है। इस नई पहल का उद्घाटन अमरापाड़ा के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रमोद कुमार गुप्ता और अंचल अधिकारी औसाफ अहमद खान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

इस खास मौके पर डब्ल्यूबीपीडीसीएल के महाप्रबंधक रामाशीष चटर्जी, माइंस मैनेजर महेश कुमार, वेलफेयर ऑफिसर देबाशीष भुइं के साथ-साथ एसएचएआर प्रोजेक्ट्स के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट दिलीप तमन और सीएसआर व पीआर के महाप्रबंधक संजय बेसरा सहित कंपनी के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

यह मोबाइल मेडिकल यूनिट डब्ल्यूबीपीडीसीएल द्वारा क्षेत्र के लोगों की सहूलियत के लिए प्रदान की गई है। इस खदान परियोजना से प्रभावित गांवों के लोग पिछले काफी समय से अपने इलाके में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की मांग कर रहे थे। ग्रामीणों की इसी जरूरत को पूरा करने के लिए इस वाहन को तैयार किया गया है। तय कार्यक्रम के मुताबिक, यह मोबाइल मेडिकल यूनिट परियोजना से प्रभावित सभी नौ गांवों में जाएगी और हर गांव में सप्ताह में दो दिन अपनी सेवाएं देगी।

इस मोबाइल मेडिकल यूनिट में मरीजों की देखभाल के लिए हर समय एक एमबीबीएस डॉक्टर और दो नर्सें तैनात रहेंगी। चिकित्सा के लिहाज से इस गाड़ी में कई आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं, जिनमें मोबाइल पैथोलॉजी, ईसीजी, भ्रूण की धड़कन जांचने के लिए फीटल डॉपलर, कान-नाक-गले की जांच के लिए ऑटोस्कोप और ऑक्सीजन सिलेंडर शामिल हैं।

# पिकअप वैन और ऑटो की टक्कर में तीन की मौत, आठ घायल



**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**जरमुंडी।** तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत बासुकीनाथ देवघर मुख्य सड़क मार्ग पर नारगंजो के समीप गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे में तीन श्रद्धालुओं की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। तेज रफ्तार पिकअप वाहन और अनियंत्रित ऑटो के बीच टक्कर इतनी जबरदस्त थी, कि मौके पर ही एक 52 वर्षीय श्रद्धालु रामाशंकर पंडा की मौत हो गई।

सड़क दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई । स्थानीय लोगों ने हादसे में घायल श्रद्धालुओं की मदद की। आनन फानन में आठ घायलों को वाहन में बिठाकर इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल भेजा गया। इनमें गंभीर रूप से घायल नाटू महलदार की देवघर में मौत होने की सूचना है। जबकि गंभीर रूप से घायल पंकज कुमार (21 वर्ष) की भी दुमका में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। बता दें कि सड़क हादसे की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंची तालझारी थाना पुलिस ने तीन लोगों को इलाज के लिए जरमुंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।जहां चिकित्सक ने घायल पंकज कुमार, प्रमिला देवी एवं कुसुम देवी की प्राथमिक चिकित्सा के बाद बेहतर इलाज के लिए दुमका रेफर कर दिया। गंभीर रूप से घायल पंकज कुमार की स्थिति चिंताजनक थी। एंबुलेंस से दुमका ले जाए जाने के बाद इलाज के दौरान 21 वर्षीय पंकज कुमार पिता डुबन महलदार की मौत हो गई। अन्य दोनों घायल यात्रियों की चिकित्सा दुमका के फूलो जानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रही है। वहीं इस घटना में छह अन्य घायल यात्रियों का इलाज देवघर के सदर अस्पताल में किया जा रहा है।

मृतकों में क्रमशः दुमका जिले के सरैयाहाट थानान्तर्गत धौनी गांव निवासी रामाशंकर पंडा (52 वर्ष) पिता स्व योगेन्द्र पंडा, बिहार भागलपुर जिले के घोघा थाना अंतर्गत उदयरामपुर गांव निवासी नाटू महलदार (47 वर्ष) पिता कार्तिक महलदार और पंकज महलदार (21वर्ष) पिता डूबन महलदार शामिल हैं।

वहीं गंभीर रूप से घायलों में नाटू महलदार की पत्नी गीता देवी (47वर्ष) एवं पुत्र अजय कुमार (18वर्ष) व नितीश कुमार (16 वर्ष), प्रमिला देवी (55वर्ष) पति डूबन महलदार सभी बिहार भागलपुर के घोघा उदयरामपुर गांव निवासी, कुसुम देवी (40 वर्ष) पति मनोज मंडल भागलपुर जीरो माइल थाना अंतर्गत मीराचक बस्ती निवासी तथा पिंकी देवी व गीता देवी भागलपुर के बिहपुर थाना अंतर्गत लुदानपुर दुधैला गांव निवासी बताए जाते हैं।










स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईंडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित, RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मित्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन सिपाही फोन न. 7367009287, 9771486686